26 Mar -26 page 01 25-03-26 10:32 PM Page 1


दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

नई दिल्ली। गुरुवार 26 मार्च - 2026 | वर्ष : 11 अंक : 92 पेज - 08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3







दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली।गुरुवार 26 मार्च -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 92 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







# 'अलविदा मेरे लाल, अब जा, शांति से जा', फूट-फूटकर रोए हरीश के माता-पिता

**आखिरी यात्रा**

**पिता अशोक राणा ने हाथ थामा और मां निर्मला देवी ने अपने बेटे के माथा चूमकर लाडले को विदा किया**





**नई दिल्ली।** एक मां का दिल, जो 13 साल से हर दिन टूटता रहा, लेकिन कभी हारा नहीं। मंगलवार को आखिर वह पल आ ही गया, जब हरीश राणा को माता-पिता ने कलेजे पर पत्थर रखकर माता-पिता ने कलेजे के टुकड़े को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया। एम्स के उस कमरे में हरीश के माता-पिता अपने लाल के इर्द-गिर्द बैठे थे। पिता अशोक राणा ने हाथ थामा और मां निर्मला देवी ने अपने बेटे के माथे को आखिरी बार चूमा और फूट-फूटकर रोते हुए कहा, अलविदा बेटा... अब जा, शांति से जा। लेकिन, किसी ने शोर नहीं मचाया। सिर्फ फुसफुसाहट में अलविदा के शब्द गूंज रहे थे। 2013 में एक दर्दनाक हादसे ने हरीश की जिंदगी को हमेशा के लिए बदल दिया। मात्र 19 साल की उम्र में वह कोमा में चले गए। तब से 13 लंबे साल तक मशीनों पर सांसें, आंखें कभी-कभी झपकतीं, लेकिन बोल नहीं पाता, हिल नहीं पाता, सिर्फ परमानेंट वेजिटेटिव स्टेट (स्थायी वनस्पति अवस्था) में रहा।

परिवार ने हर उम्मीद से लड़ाई लड़ी डॉक्टर, अस्पताल, कोर्ट लेकिन हरीश की आत्मा उस शरीर में कैद थी, जहां दर्द हर पल उन्हें सताता रहता था। माता-पिता ने कभी हार नहीं मानी। लेकिन बेटे के दर्द के कारण उन्होंने सुप्रीम कोर्ट तक बेटे को सम्मानजनक मुक्ति देने की गुहार लगाई। इच्छामृत्यु (पैसिव यूथेनेशिया) की अनुमति मिली। यह फैसला लेना किसी माता-पिता के लिए सबसे बड़ा बलिदान था। हाल ही में एम्स में उस पल की तस्वीर सामने आई, जो हर किसी को रोने पर मजबूर कर दें।

हरीश के दुनिया छोड़ जाने के बाद बिस्तर के पास बैठी मां ने धीरे से उनके हाथ और माथे को चूमा। अपनी ममता का गला घोटते हुए उन्होंने बेटे के कान में फुसफुसाया बेटा, सबको माफ कर दो... सबसे माफी मांग लो... अब जा, शांति से जा। अलविदा।

# दो साल की मासूम सकुशल बरामद, भीख मंगवाने के लिए महिला ने किया था अपहरण

## जब महिला आईपीएस अधिकारी ने गोद में लेकर बच्ची को दुलारा, परिजनों की आंखों में खुशी के आंसू




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए 15 दिन पहले अगवा की गई दो वर्षीय मासूम बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया। इस मामले में पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है, जिसने बच्ची का अपहरण भीख मंगवाने के उद्देश्य से किया था। बच्ची को सुरक्षित पाकर परिजनों के चेहरे पर खुशी साफ झलक उठी। जानकारी के अनुसार, 10 मार्च को बस स्टैंड के पीछे झुग्गी में रहने वाली ज्योति अपनी 8 वर्षीय बेटी नंदनी और 2 वर्षीय पायल के साथ भीख मांग रही थी। इस दौरान उसने दोनों बच्चियों को दिल्ली-मेरठ मार्ग स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में बैठा दिया और खुद आगे निकल गई।

कुछ देर बाद लौटने पर छोटी बेटी पायल वहां से लापता मिली। काफी तलाश के बावजूद बच्ची का कोई सुराग नहीं लग सका। मामले में 18 मार्च को पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस की तीन टीमों ने गाजियाबाद, दिल्ली, मेरठ और नोएडा समेत कई स्थानों पर बच्ची की तलाश की।

### एसीपी और एसओ को मिला मेहनत का फल

करंट क्राइम : एसीपी लिपि नगायच के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के तहत बुधवार को सूचना मिली कि एक महिला बच्ची को लेकर मुरादनगर रेलवे स्टेशन की ओर जा रही है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर महिला को बच्ची सहित गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी महिला ने अपना नाम हसीना उर्फ बुचनिया निवासी जगतपुरी कॉलोनी, मोदीनगर बताया। उसने खुलासा किया कि वह कूड़ा बीनने का काम करती है और पति की मौत के बाद जीविका चलाने के लिए बच्ची को भीख मंगवाने हेतु अगवा किया था। वह बच्ची को लेकर लखनऊ भागने की फिराक में थी। बरामदगी के बाद एक महिला आईपीएस अधिकारी ने बच्ची को गोद में लेकर उसे स्नेह दिया, जिसका दृश्य भावुक कर देने वाला था। फिलहाल पुलिस आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

# ब्लूमबर्ग मेयर चैलेंज
## गाजियाबाद को मिलेंगे 10 लाख डॉलर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** ब्लूमबर्ग मेयर चैलेंज में शीर्ष 24 शहरों में स्थान मिलने के बाद गाजियाबाद नगर निगम को 10 लाख डॉलर (करीब 8 करोड़ रुपये) की धनराशि प्राप्त होगी। इस राशि से शहर में प्राकृतिक रंग परियोजना को गति दी जाएगी।

न्यू यॉर्क से आई ब्लूमबर्ग टीम ने नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक व निगम अधिकारियों के साथ बैठक कर योजना पर विस्तार से चर्चा की। नगर आयुक्त ने बताया कि यह धनराशि दो किस्तों में मिलेगी, जिसका उपयोग गोबर के निस्तारण और उससे प्राकृतिक रंग बनाने में किया जाएगा। नगर निगम की योजना है कि शहर के पांचों जोन में रंग निर्माण इकाइयाँ स्थापित की जाएंगी, जिससे स्थानीय स्तर पर गोबर का निस्तारण हो सके और वहीं रंग का उत्पादन भी किया जा सके।

इससे स्वच्छता के साथ रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। इस परियोजना में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जोड़ा जाएगा, जो रंग के विपणन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। साथ ही सरकारी व सार्वजनिक भवनों में प्राकृतिक रंग के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाए जाएंगे।

# डिजिटल साक्ष्यों से खुला देश विरोधी नेटवर्क, फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन से होगी पूरी परत-दर-परत जांच

## पाकिस्तानी कनेक्शन की पुष्टि अब तक 21 आरोपी गिरफ्तार





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट की साइबर और थाना कौशांबी पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में एक बड़े देश विरोधी नेटवर्क का खुलासा हुआ है। डिजिटल साक्ष्यों और लगातार पूछताछ के आधार पर अब तक 21 आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। जांच में पाकिस्तान कनेक्शन की पुख्ता पुष्टि होने के बाद पुलिस अब इस पूरे मामले की फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन के जरिए गहराई से जांच करने में जुट गई है। पुलिस के अनुसार, इस मामले की शुरूआत थाना कौशांबी क्षेत्र से हुई थी, जहां शुरूआती कार्रवाई में 6 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर यह नेटवर्क धीरे-धीरे खुलता गया और गिरफ्तारी का आंकड़ा बढ़कर 21 तक पहुंच गया। पुलिस कमिश्नर का कहना है कि जांच में मिले डिजिटल साक्ष्य इतने स्पष्ट हैं कि पूरी साजिश आईने की तरह साफ होती जा रही है। आरोपियों के मोबाइल, कॉल डिटेल और सोशल मीडिया गतिविधियों से यह संकेत मिले हैं कि इस नेटवर्क को पाकिस्तान से दिशा-निर्देश और तकनीकी सहयोग मिल रहा था। साथ ही संवेदनशील सूचनाएं भी वहां भेजे जाने की आशंका है, जिसकी जांच जारी है।

अब पुलिस इस पूरे मामले में फाइनेंशियल ट्रेल पर विशेष फोकस कर रही है। बैंक खातों, ई-वॉलेट, ऑनलाइन ट्रांजैक्शन और अन्य आर्थिक गतिविधियों की गहन जांच की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि देश विरोधी गतिविधियों के लिए पैसा कहां से आया और किस माध्यम से बाहर भेजा गया।

### 50 कैमरे लगाने का था प्लान

करंट क्राइम : जांच में एक और चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि गिरोह ने देशभर में करीब 50 स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना बनाई थी। इसका मकसद सुरक्षा एजेंसियों की गतिविधियों पर नजर रखना और अपने नेटवर्क को सुरक्षित बनाए रखना था। इस मामले में महिलाओं की भूमिका भी संदिग्ध पाई गई है। अब तक दो महिलाओं को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि कई अन्य महिलाओं को जांच के दायरे में लिया गया है। पुलिस उनके पुराने कनेक्शन, आपराधिक इतिहास, मोबाइल डेटा और सोशल मीडिया अकाउंट्स की गहन पड़ताल कर रही है।

### कोई भी आरोपी नहीं ग्रेजुएट

करंट क्राइम : सबसे हैरान करने वाली बात यह सामने आई है कि पूरे गिरोह में कोई भी आरोपी ग्रेजुएट नहीं है। बेहद कम पढ़े-लिखे होने के बावजूद इन आरोपियों ने तकनीक का इस्तेमाल कर इतने बड़े नेटवर्क को संचालित किया, जो जांच एजेंसियों के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस कमिश्नर ने एसआईटी (विशेष जांच टीम) का गठन किया है। यह टीम वैज्ञानिक और फॉरेंसिक आधार पर साक्ष्य जुटाने में लगी है, ताकि कोर्ट में मामला पूरी मजबूती के साथ प्रस्तुत किया जा सके।

### जांच टीम को मिलेगा जल्द ईनाम

करंट क्राइम : अब पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस ऑपरेशन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को 15 अगस्त के अवसर पर सम्मानित किया जा सकता है। इसमें आईपीएस, पीपीएस अधिकारियों के साथ-साथ क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम और अन्य पुलिसकर्मियों के नाम डीजी सिल्वर मेडल के लिए भेजे जाने की संभावना है। पुलिस का मानना है कि यह नेटवर्क केवल स्थानीय स्तर तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके तार अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक जुड़े हुए हैं। आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां तथा बड़े खुलासे होने की उम्मीद जताई जा रही है।

# इच्छामृत्यु को मिली मंजूरी, हरीश राणा प्रकरण बना संवेदना और न्याय का प्रतीकः बालेश्वर त्यागी



### लंबी पीड़ा के बाद इच्छामृत्यु की अनुमति



13 वर्षों की असहनीय पीड़ा झेल रहे हरीश राणा को सर्वोच्च न्यायालय ने 11 मार्च को इच्छामृत्यु की अनुमति दी, जिसके बाद एम्स में उनका निधन हुआ।

### न्यायालय का ऐतिहासिक और मानवीय निर्णय

सर्वोच्च न्यायालय ने जीवन के अधिकार के साथ सम्मानपूर्वक मृत्यु के अधिकार को भी मान्यता देकर भारतीय न्याय व्यवस्था में महत्वपूर्ण मिसाल स्थापित की।

### माता-पिता के धैर्य और त्याग की मिसाल

हरीश के माता-पिता ने वर्षों तक संघर्ष किया और अंततः भारी मन से इच्छामृत्यु का निर्णय लिया, जो उनके साहस और संवेदनशीलता को दर्शाता है।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आखिर हरीश राणा की आत्मा अनंत यात्रा पर चली गई। 13 वर्षों के लंबे अनंत पीड़ा झेल रहे हरीश राणा ने कल एम्स में अंतिम सांस ली। आज उसका अंतिम संस्कार दिल्ली के ग्रीन पार्क में किया जाएगा। माता पिता के अनुरोध को स्वीकार करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने 11 मार्च को इच्छा मृत्यु की अनुमति प्रदान की थी। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर हरीश राणा को दिल्ली के एम्स में 14 मार्च को शिफ्ट किया गया था। 13 वर्ष के लंबे प्रयासों के बाद भी जब हरीश के ठीक होने की आशा पूरी तरह समाप्त हो गई थी तब माता पिता ने बड़े भारी मन से इच्छा मृत्यु के लिए न्यायालय की शरण ली थी।

सर्वोच्च न्यायालय ने मानवीय संवेदनाओं को स्वीकार करते हुए व्यक्ति के जीवन के अधिकार के साथ साथ सम्मान के साथ मृत्यु के वरण के अधिकार को स्वीकार कर भारतीय न्याय के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश इसके लिए बधाई के पात्र हैं। हरीश राणा की आत्मा को शांति के लिए प्रभु से प्रार्थना है। उसके माता पिता जिन्होंने बड़े धैर्य और साहस से 13 वर्षों तक अपने बच्चे के जीवन को लौटाने के जो प्रयास किए उनकी जितनी प्रशंसा की जाय वह कम है। ईश्वर अब उनके माता पिता को नई परिस्थितियों में नये तरीके से जीने का मार्ग प्रशस्त करे।

# पीएम की रैली के लिए गाजियाबाद से 300 नहीं, 800 बसों की तैयारी



### स्कूलों में ऑफलाइन छुट्टी, ऑनलाइन पढ़ाई

सूत्रों के मुताबिक, रैली के दिन स्कूलों में ऑफलाइन कक्षाएं नहीं चलेंगी। विद्यार्थियों की पढ़ाई ऑनलाइन कराई जाएगी। वहीं, लाभार्थियों को रैली स्थल तक लाने के लिए स्कूली बसों का उपयोग किए जाने की भी जानकारी सामने आई है। प्रशासनिक स्तर पर इस संबंध में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जेवर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के उद्घाटन के अवसर पर 28 मार्च को होने वाली प्रधानमंत्री की जनसभा को लेकर गाजियाबाद में जोरदार तैयारियां चल रही हैं। भाजपा महानगर संगठन की ओर से जहां लगभग 300 बसों के जरिए कार्यकर्ताओं को रैली में ले जाने की योजना है, वहीं प्रशासनिक स्तर पर इससे कहीं बड़ा इंतजाम किया गया है। सूत्रों के अनुसार, जिला प्रशासन ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को रैली स्थल तक पहुंचाने के लिए करीब 800 बसों का लक्ष्य तय किया है। यानी संगठन और प्रशासन–दोनों स्तरों पर बड़े पैमाने पर भीड़ जुटाने की तैयारी है।

भाजपा महानगर गाजियाबाद में इस रैली को लेकर उत्साह साफ देखा जा रहा है। कार्यकर्ताओं को बसों की व्यवस्था के साथ-साथ अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का जिम्मा दिया गया है। बताया जाता है कि सामान्यतः तय संख्या से कम बसें ही रवाना होती हैं, लेकिन इस बार इसके उलट तस्वीर दिखाई दे रही है और लक्ष्य से कहीं अधिक संख्या में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने की कोशिश हो रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले भी गाजियाबाद को कई बड़ी सौगातें दे चुके हैं, जिनमें मेट्रो, रैपिड रेल और अन्य परियोजनाएं शामिल हैं। अब जेवर एयरपोर्ट का उद्घाटन भी क्षेत्र के विकास की नई कड़ी के रूप में देखा जा रहा है।

# रेलवे-नगर निगम मिलकर चलाएंगे स्वच्छता अभियान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शहर की स्वच्छता को लेकर नगर निगम और रेलवे विभाग अब संयुक्त अभियान चलाएंगे। इस संबंध में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक और रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच निगम मुख्यालय में बैठक हुई, जिसमें कई अहम निर्णय लिए गए। निर्णय के तहत रेलवे ट्रैक के आसपास की गंदगी, नालों की सफाई और रेलवे भूमि पर विशेष अभियान चलाया जाएगा।

जिन वार्डों में रेलवे की जमीन आती है, वहां भी संयुक्त टीम निरीक्षण कर सफाई कार्य करेगी। नगर आयुक्त ने बताया कि दोनों विभागों की टीमें समन्वय बनाकर नियमित रूप से कार्य करेंगी और पुराने लंबित मामलों को भी मिलकर निस्तारित किया जाएगा। बैठक में नगर निगम और रेलवे विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे, जिन्होंने शहर हित में अपने सुझाव भी दिए।



## खुशखबरी! रामनवमी को लेकर सीएम योगी का बड़ा ऐलान

# रामनवमी पर दो दिन का अवकाश 26 और 27 मार्च को छुट्टी घोषित



**निर्णय**

**योगी आदित्यनाथ ने संदेश देने का प्रयास किया है कि सरकार आस्था और परंपराओं के सम्मान के लिए प्रतिबद्ध**

**लखनऊ।** रामनवमी पर योगी सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। पहले से घोषित 26 मार्च के सार्वजनिक अवकाश के साथ अब 27 मार्च को भी छुट्टी घोषित कर दी गई है। मंदिरों में रामनवमी के दौरान श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है।

हर साल इस पर्व पर बड़ी संख्या में लोग पूजा-अर्चना और दर्शन के लिए मंदिरों में पहुंचते हैं, जिससे व्यवस्था बनाए रखना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। ऐसे में अतिरिक्त अवकाश से लोगों को सुविधा मिलेगी और भीड़ प्रबंधन में भी मदद मिलेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस निर्णय के माध्यम से यह संदेश देने का प्रयास किया है कि सरकार आस्था और परंपराओं के सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है। प्रशासन को भी निर्देश दिए गए हैं कि सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं।

## मुंबई के अस्पताल में गैस के रिसाव से हड़कंप

**मुंबई।** मध्य मुंबई के एक अस्पताल के अंदर गैस पाइपलाइन में लीक होने की खबर सामने आई है। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार देर रात मध्य मुंबई के नगर निगम द्वारा संचालित सायन अस्पताल परिसर के अंदर गैस पाइपलाइन में रिसाव की सूचना मिली। एक नगर निगम अधिकारी ने बताया कि मुंबई अग्निशमन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना अस्पताल परिसर के भीतर कॉलेज भवन के पास गेट नंबर 1 के नजदीक रात करीब 11 बजे हुई। अधिकारी ने बताया कि महानगर गैस लिमिटेड (एमजीएल) की पाइपलाइन में रिसाव हुआ, जिसके चलते आपातकालीन सेवाओं ने तुरंत कार्रवाई की और बताया कि कम से कम चार दमकल इंजन और अन्य अग्निशमन वाहन घटनास्थल पर भेजे गए। दमकल कर्मियों के साथ-साथ पुलिस और एमजीएल कर्मियों को भी स्थिति को संभालने और क्षेत्र में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मौके पर भेजा गया।

## गुरुग्राम दुष्कर्म मामले में शीर्ष अदालत का गुस्सा फूटा कहा- हरियाणा पुलिस का रवैया शर्मनाक

**सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी**



- हरियाणा पुलिस और उसकी बाल कल्याण समिति का तरीका असंवेदनशील।
- यह शर्मनाक है कि हरियाणा पुलिस ने तीन वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता को थाने बुलाया।

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा में तीन साल की बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में असंवेदनशील रवैया अपनाने पर नाराजगी जताई है। हरियाणा पुलिस और उसकी बाल कल्याण समिति को फटकार लगाते हुए कोर्ट ने कहा, यह शर्मनाक है कि हरियाणा पुलिस ने तीन वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता से खुद जाकर मुलाकात करने के बजाय उसे थाने बुलाया। सुप्रीम कोर्ट ने तीन साल की बच्ची से दुष्कर्म करने के मामले में पोक्सो कानून के तहत दर्ज एफआईआर में अपराध को कमतर करने पर संज्ञान लिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने मामले की जांच के लिए तीन सदस्यों वाली एक एसआईटी का गठन किया है, जिसमें हरियाणा कैडर की आईपीएस अधिकारियों को शामिल किया गया है।

सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार को निर्देश दिया है कि जल्द से जल्द एसआईटी को नोटिफाई किया जाए और गुरुग्राम पुलिस को गुरुवार तक जांच से जुड़े दस्तावेज एसआईटी को सौंपने का निर्देश दिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुग्राम पुलिस के उन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया है, जिन पर मामले की जांच में लापरवाही का आरोप है।

सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस में पूछा है कि उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों न की जाए। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुग्राम बाल कल्याण समिति के सदस्यों को भी कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। बाल कल्याण समिति के सदस्यों से पूछा गया है कि उन्हें पद से क्यों न हटाया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुग्राम के जिला जज को निर्देश दिया है कि इस मामले की सुनवाई पोक्सो कोर्ट की एक वरिष्ठ महिला न्यायिक अधिकारी को सौंपी जाए।

पीड़िता को बयान दर्ज कराने के लिए थाने बुलाए जाने पर नाराजगी जताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा, पुलिस पीड़िता के घर क्यों नहीं जा सकती? क्या वे राजा हैं?

## ठाणे के कबाड़ गोदाम में लगी भीषण आग, कोई हताहत नहीं

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में प्लास्टिक और एयर-कंडीशनर (अउ) के कबाड़ वाले एक गोदाम में भीषण आग लग गई।

अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि यह घटना मंगलवार रात करीब 9:01 बजे दहिसर मोरी इलाके में हुई। यह गोदाम एक स्कूल के पास स्थित है।

राहत की बात यह है कि इस हादसे में कोई भी घायल नहीं हुआ। आग की सूचना मिलते ही ठाणे, वाशी, ऐरोली और कोपरखैरने से दमकल की कई टीमें मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद बुधवार रात करीब 1:30 बजे आग पर काबू पाया।

फिलहाल वहां कूलिंग का काम चल रहा है। इस आग में गोदाम के अंदर रखा प्लास्टिक और एसी का सारा कबाड़ जल गया है। प्रशासन अभी आग लगने की असली वजह का पता लगा रहा है।

## अफवाह से बिगड़ी व्यवस्था

# अयोध्या में पेट्रोल-डीजल खत्म का नोटिस चस्पां!



**अफवाह**

**अवध क्षेत्र में पंपों पर जबरदस्त भीड़**

**पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल-डीजल खत्म के नोटिस चस्पा कर दिए गए**

**अफवाहों से बढ़ी पेट्रोल-डीजल की मांग**

**अयोध्या/बलरामपुर।** अयोध्या में अफवाहों के बीच जिले में पेट्रोल-डीजल का संकट अब खुलकर सड़कों पर दिखने लगा है। शहर के कई पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल-डीजल खत्म के नोटिस चस्पा कर दिए गए हैं, जबकि जहां आपूर्ति हो रही है वहां भी 100 रुपये तक की सीमा तय कर दी गई है। ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था ठप होने से उपभोक्ताओं को केवल नकद में ईंधन मिल रहा है, जिससे परेशानी कई गुना बढ़ गई है।

हालात यह हैं कि अब लोग गैस सिलिंडर लेने के बाद पेट्रोल के लिए भी लाइन में लगने को मजबूर हैं। बुधवार तड़के सुबह 5.00 बजे से ही शहर के पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं। घंटों इंतजार के बाद भी पेट्रोल न मिलने से लोग मजबूरी में खाली हाथ वापस लौट गए। कई स्थानों पर सुबह आठ बजे के बाद ही आपूर्ति शुरू हो सकी।

देवकाली बाईपास स्थित पेट्रोल पंप पर एक महिला गैस सिलिंडर के साथ ही पेट्रोल के लिए लाइन में लगी रही। महोबारा ओवरब्रिज के पास स्थित पेट्रोल पंप पर डीजल खत्म होने का नोटिस लगा मिला, जबकि अयोध्याधाम में बन रहे बस स्टैंड के पास स्थित जय सर्विस स्टेशन पर पेट्रोल और डीजल दोनों खत्म होने का बोर्ड टंगा

संकट के बीच कालाबाजारी भी तेज हो गई है। शहर में पेट्रोल 200 रुपये प्रति लीटर तक ब्लैक में बिकने की शिकायतें सामने आ रही हैं। गुरुनानक कॉलोनी निवासी अमर बहादुर ने बताया कि मंगलवार रात को 200 रुपये देकर एक लीटर पेट्रोल लेना पड़ा। बुधवार सुबह छह बजे से कई पंपों के चक्कर लगा चुका हूं, लेकिन कहीं पेट्रोल नहीं मिला।

वहीं दर्शन नगर में अवध स्कूल के सामने स्थिति पेट्रोल पंप पर तेल लेने पहुंचे नीरज कुमार ने बताया कि सुबह छह बजे से लाइन में खड़े हैं लेकिन आठ बजे तक पेट्रोल नहीं मिला। अब मजबूरी में बिना तेल लिए लौटना पड़ रह है। शहर ही नहीं, ग्रामीण इलाकों में भी हालात बदतर हैं। कई गांवों के पेट्रोल पंप पूरी तरह सूख चुके हैं, जिससे खेती-किसानी और रोजमर्रा के काम प्रभावित हो रहे हैं।

स्थिति को संभालने के लिए पुलिस प्रशासन को रातभर गश्त करनी पड़ी।

## पीएनजी पहुंच गई है घर के पास तो लेना ही होगा कनेक्शन, नहीं तो सिलेंडर के पड़ जाएंगे लाले

**सख्ती**

**सरकार ने तय किया है कि कंपनियों को निश्चित अवधि में कनेक्शन उपलब्ध कराना होगा**



**नयी दिल्ली:** सरकार ने एलपीजी समस्या से निपटने और पाइप्ड नेचुरल गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कमर कस ली है। जिन इलाकों में पीएनजी इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार हो गया है, वहां पीएनजी कनेक्शन देने में कंपनियां हील-हवाला नहीं कर सकेंगी। सरकार ने तय किया है कि कंपनियों को निश्चित अवधि में कनेक्शन उपलब्ध कराना होगा। जो जानबूझ कर पीएनजी कनेक्शन नहीं लेंगे, उनकी एलपीजी सप्लाई बाधित हो सकती है। इस बारे में गजट नोटिफिकेशन जारी हो गया है।

पेट्रोलियम मंत्रालय के अधिकारियों का कहना है कि इन सुधारों का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पाइप के जरिये घरों में पहुंचने वाली रसोई गैस (पीएनजी) के उपयोग को बढ़ावा मिले। साथ ही इस बदलाव से उपभोक्ताओं पर अत्यधिक वित्तीय बोझ न पड़े।

**समय सीमा का करना होगा पालन :** पेट्रोलियम मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, नए ढांचे के तहत अब पीएनजी कनेक्शन प्रदान करने के लिए एक समय-सीमा निर्धारित की गई है। इसका लक्ष्य सेवा मानकों में सुधार करना और उन क्षेत्रों में एलपीजी से पीएनजी की ओर क्रमिक बदलाव को सुगम बनाना है जहां पाइपलाइन बुनियादी ढांचा पहले से मौजूद है।

## महाराष्ट्र विधानसभा के बाहर एक शख्स ने किया आत्मदाह करने का प्रयास

**लातूर।** पुलिस ने मंगलवार को बताया कि लातूर जिले में अपनी कृषि भूमि तक सड़क पहुंचने से जुड़े विवाद को लेकर मंगलवार दोपहर को महाराष्ट्र विधानसभा के पास एक शख्स ने खुद को आग लगाने की कोशिश की। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना उषा मेहता चौक पर हुई।

उन्होंने बताया कि रेनापुर निवासी ज्योतिराम साहेबराव चव्हाण ने अपनी शिकायत की ओर ध्यान आकर्षित करने की कोशिश में हताशा से भर कर अपने ऊपर एक अज्वलनशील तरल पदार्थ डाल लिया।

अधिकारी ने बताया कि उसे मरीन ड्राइव पुलिस स्टेशन ले जाया गया, जहां उसके खिलाफ गैर-संज्ञेय अपराध का मामला दर्ज किया गया।

## दिल्ली पुलिस ने किया एलपीजी रैकेट का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने संगम विहार इलाके में एक अवैध एक रैकेट का भंडाफोड़ किया है, और डिलीवरी एजेंटों के गोदामों से कुल 183 गैस सिलेंडर बरामद किए हैं। इनमें से 154 सिलेंडर भरे हुए थे और 29 खाली थे।

पुलिस के अनुसार, चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जिनकी पहचान शेर सिंह, सूरज परिहार, रघु राज सिंह और जितेंद्र शर्मा के रूप में हुई है। सभी आरोपी एक अधिकृत गैस एजेंसी के रजिस्टर्ड डिलीवरी कर्मचारी हैं और वे वितरण की आड़ में एलपीटी सिलेंडरों के अवैध भंडारण और रिफिलिंग में शामिल थे।

जांच में पता चला कि एजेंसी से सिलेंडर लेने के बाद, आरोपियों ने उन्हें ग्राहकों तक नहीं पहुंचाया, बल्कि इसके बजाय उन्हें किराए के गोदामों में जमा कर लिया। पुलिस ने मामले में आवश्यक वस्तु अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। आगे की जांच जारी है।

## 48 साल बाद क्यों हो रही मंदिर के खजाने की गिनती



**रत्न भंडार**

**निगरानी के लिए आरबीआई मौजूद**

**गणना दोपहर 12:09 से 1:45 बजे के बीच के शुरू की गई**

**ओडिशा।** ओडिशा के पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार की बहुप्रतीक्षित गणना बुधवार को 48 साल के अंतराल के बाद शुरू हो गई। अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की। यह प्रक्रिया निर्धारित शुभ मुहूर्त में शुरू हुई, जिसमें केवल अधिकृत व्यक्तियों को ही प्रवेश दिया गया।

श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के अनुसार, अधिकृत कर्मी सुबह करीब 11:30 बजे पारंपरिक धोती और गमछा पहनकर मंदिर में आएंगे। गणना का कार्य दोपहर 12:09 बजे से 1:45 बजे के बीच के शुभ समय में शुरू किया गया। अधिकारियों ने बताया कि इस प्रक्रिया से 12वीं सदी के इस मंदिर की दैनिक पूजा-अर्चना में कोई बाधा नहीं आएगी। भक्तों को 'बाहर कथा' (मंदिर के अंदर बाहरी बैरिकेड) से दर्शन की अनुमति दी गई है।

## दादर-रत्नागिरी ट्रेन शुरू करने की मांग

**मुंबई।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के नेता नितिन सरदेसाई ने रेलवे से दादर-रत्नागिरी ट्रेन को फिर से शुरू करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर यह मांग पूरी नहीं हुई, तो आंदोलन किया जाएगा। मंगलवार को मनसे के एक प्रतिनिधिमंडल ने इस मुद्दे पर रेलवे अधिकारियों से मुलाकात की। मुलाकात के बाद सरदेसाई ने पत्रकारों को बताया कि दादर-रत्नागिरी पैसेंजर ट्रेन को अब ठाणे जिले के दिवा स्टेशन पर शिफ्ट कर दिया गया है।

यह ट्रेन दादर, परेल, शिवड़ी और पश्चिमी उपनगरों में रहने वाले कोंकण के लोगों के लिए बहुत सुविधाजनक थी। सरदेसाई ने कहा कि रेलवे प्रशासन दादर से रत्नागिरी के बजाय दादर-गोरखपुर ट्रेन शुरू कर रहा है। दादर, लालबाग और परेल के निवासियों के लिए ट्रेन पकड़ने के लिए दिवा जाना मुमकिन नहीं है। यह उनके लिए बिल्कुल भी व्यावहारिक नहीं है।

## बंगाल में चुनावी पारा हाई: दिलीप घोष के 'देख लेने' वाले बयान पर बवाल, चुनाव आयोग पहुंची टीएमसी

**धमकी**

**खड़गपुर में एक रैली के दौरान दिलीप घोष पुलिस कर्मियों को कथित तौर पर 'देख लेने' की धमकी दी**



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के लिए सियासी रणभेरी बज चुकी है। लेकिन जैसे-जैसे पारा चढ़ रहा है, नेताओं की जुबान भी तीखी होती जा रही है। ताजा मामला भाजपा के कद्दावर नेता दिलीप घोष से जुड़ा है। खड़गपुर में एक रैली के दौरान उन्होंने पुलिस कर्मियों को कथित तौर पर 'देख लेने' की धमकी दी। अब इस मामले में तृणमूल कांग्रेस ने चुनाव आयोग का दरवाजा खटखटाया है।

**क्या है पूरा मामला? :** तृणमूल कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पास शिकायत दर्ज कराई है। टीएमसी का आरोप है कि दिलीप घोष ने खड़गपुर के जनसभा में चुनावी ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों के खिलाफ बेहद आपत्तिजनक और हिंसक भाषा का इस्तेमाल किया।

शिकायत पत्र के मुताबिक, सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में दिलीप घोष खड़गपुर थाने के इंस्पेक्टर-इन-चार्ज को निशाना बनाते हुए उन्हें चोट पहुंचाने और डराने-धमकाने वाली बातें कह रहे हैं। टीएमसी ने इसे आदर्श चुनाव आचार संहिता का खुला उल्लंघन बताया है। ममता बनर्जी की पार्टी का कहना है कि यह अपराध है।

**टीएमसी ने क्या कहा? :** 'दीदी' की पार्टी ने मांग की है कि चुनाव आयोग दिलीप घोष के खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई करे। इतना ही नहीं, चुनावी रैलियों में इस तरह के भड़काऊ भाषण देने पर पाबंदी लगाने की भी मांग की गई है। टीएमसी का कहना है कि यह पहली बार नहीं है जब घोष ने मयार्दा लांघी है। इससे पहले 16 मार्च को भी पार्टी ने उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी।

## ट्रेनों की संख्या को लेकर सदन में भिड़ गए पप्पू यादव और रेल मंत्री, आंकड़ों पर हुई जोरदार बहस

**जोरदार बहस**

**सांसद पप्पू यादव ने रेलवे की कार्यप्रणाली और समय में की जाने वाली घोषणाओं पर सवाल खड़े किए**



**नई दिल्ली।** बुधवार को लोकसभा की कार्यवाही के दौरान पप्पू यादव और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। सदन में प्रश्नकाल के दौरान बिहार के पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने भारतीय रेलवे की कार्यप्रणाली और चुनावी समय में की जाने वाली घोषणाओं पर गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि जब देश में 5 हजार ट्रेन और 23 हजार ही डिब्बे हैं तो चुनावी समय में हजारों ट्रेन चलाने की घोषणा क्यों की जाती है?

पप्पू यादव ने क्या-क्या कहा?

पप्पू यादव ने कहा कि चुनाव आते ही पटरियों पर ट्रेनें कहां से आ जाती हैं? उन्होंने पूछा कि जब देश में नियमित ट्रेनों की भारी कमी है, आम आदमी को कन्फर्म टिकट के लिए हफ्तों इंतजार करना पड़ता है। वेटिंग लिस्ट का भी बुरा हाल है, तो सरकार के पास चुनावी समय में अचानक सैकड़ों अतिरिक्त ट्रेनें कहां से आ जाती हैं?

यादव ने कहा, यह विडंबना है कि आम दिनों में रैक और इंजन की कमी का रोना रोया जाता है, लेकिन जैसे ही चुनाव आते हैं, बड़ी संख्या में नई ट्रेनें चलाने की घोषणाएं कर दी जाती हैं। हम यात्रियों को सुरक्षित उनके घर तक पहुंचाने में कई बार नाकामयाब होते हैं। जनता को यह बताया जाना चाहिए कि अगर गाड़ियां हैं, तो वे नियमित रूप से क्यों नहीं चलतीं? क्या यह केवल वोट बटोरने का एक चुनावी हथकंडा है?

पप्पू यादव के आरोपों का जवाब देने खुद रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव सदन में खड़े हो गए। उन्होंने पप्पू यादव को सलाह दी कि देश को गुमराह करने वाली राजनीति से बचें। अश्विनी वैष्णव ने कहा, माननीय सांसद महोदय को यह समझना चाहिए कि रेलवे व्यवस्थित नेटवर्क है। हम मांग और सीजन के आधार पर विशेष ट्रेनें चलाते हैं जिससे त्योहारों और भारी भीड़ के समय यात्रियों को राहत मिल सके।

उन्होंने कहा कि दीवाली और छठ के दौरान हमने देश में 12 हजार विशेष ट्रेनें चलाई। इसका आंकड़ा रेल मंत्रालय के वेबसाइट पर है।

## महाराष्ट्र में एसिड अटैक पीड़ितों की पहचान बताना अपराध होगा

**अच्छी पहल**

**यह कानून पीड़ितों को सम्मान के साथ जीने का अधिकार देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम**



**मुंबई।** महाराष्ट्र विधान परिषद ने महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े एक अहम कानून को मंजूरी देकर सख्त रुख दिखाया है। एसिड अटैक पीड़ितों की पहचान पूरी तरह सुरक्षित रखने और ऑनलाइन यौन उत्पीड़न पर कड़ी सजा देने के लिए राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। यह कानून ऐसे अपराधों पर रोक लगाने और पीड़ितों को सम्मान के साथ जीने का अधिकार देने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सरकार का कहना है कि यह कानून महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों को रोकने में मदद करेगा।

इस कानून के तहत भारतीय न्याय संहिता (महाराष्ट्र संशोधन) विधेयक 2026 को सर्वसम्मति से पास किया गया। इससे पहले यह विधेयक विधानसभा से भी पारित हो चुका था। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि 2020 में शक्ति बिल लाया गया था, जिसे राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए भेजा गया था, लेकिन बाद में इसे वापस भेज दिया गया। इसके बाद केंद्र सरकार ने नया कानून बनाया, जिसे भारतीय न्याय संहिता कहा जाता है और यह जुलाई 2024 से लागू है।

सरकार ने एक समिति बनाई थी, जिसने जांच की कि शक्ति कानून के कौन-कौन से प्रावधान नए कानून में

## वंदे मातरम के अनिवार्य गायन मामले में याचिका खारिज

**कोलकाता।** सुप्रीम कोर्ट ने वंदे मातरम गायन को अनिवार्य बनाए जाने को चुनौती देने वाली एक याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। याचिका गृह मंत्रालय के एक सर्कुलर के खिलाफ दायर की गई थी। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय गीत गाने का निर्देश अनिवार्य नहीं है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने यह फैसला सुनाया। पीठ ने कहा कि मुहम्मद सईद नूरी की तरफ से दायर याचिका सुनवाई के योग्य नहीं है। भेदभाव की आशंकाओं को अदालत ने अस्पष्ट करार दिया। याचिकाकर्ता की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े ने कहा कि देश में हर धर्म का सम्मान किया जाता है।

हेगड़े ने अपनी दलीलों में कहा कि लोगों को अपनी आस्था के बावजूद राष्ट्रीय गीत गाने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस सर्कुलर के कारण निष्ठा के सामाजिक प्रदर्शन में भाग लेना मजबूरी बन सकता है।

## भूमि अधिग्रहण के मुआवजे और उस पर ब्याज वित्तीय बोझ पर निर्भर नहीं : सुप्रीम कोर्ट

**याचिका खारिज**

**अदालत ने स्पष्ट किया कि क्षतिपूर्ति और ब्याज वित्तीय बोझ की मात्रा पर निर्भर नहीं हो सकते**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि भूमि अधिग्रहण मामलों में उचित मुआवजे की सांविधानिक गारंटी को कम नहीं किया जा सकता। अदालत ने स्पष्ट किया कि क्षतिपूर्ति और ब्याज वित्तीय बोझ की मात्रा पर निर्भर नहीं हो सकते। शीर्ष अदालत ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) की समीक्षा याचिका खारिज कर दी।

**क्या है मामला? :** एनएचएआई ने 4 फरवरी, 2025 के फैसले की समीक्षा मांगी थी। इस फैसले में कहा गया था कि 2019 का निर्णय पूर्वव्यापी रूप से लागू होगा। 2019 के फैसले में एनएचएआई अधिनियम के तहत अधिग्रहित भूमि के किसानों को मुआवजा और ब्याज देने की बात थी। पीठ ने कहा कि भूस्वामियों को देय ब्याज भूमि अधिग्रहण अधिनियम के अनुसार नौ फीसदी होगा। यह एनएचएआई अधिनियम के पांच फीसदी की सीमा के अनुसार नहीं होगा। एनएचएआई ने दावा किया था कि वित्तीय देनदारी 29,000 करोड़ रुपये होगी। पहले यह राशि 100 करोड़ रुपये बताई गई थी। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि वित्तीय देनदारी का अनुमान समीक्षा का वैध आधार नहीं है।

हालांकि, पीठ ने कहा कि उसके पिछले निर्णयों को सीमित स्पष्टीकरण की आवश्यकता है।

26 Mar -26 page 3 25-03-26 10:45 PM Page 1

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






## 28 मार्च वाली जेवर रैली को लेकर दिया गया है सभी को ये पैगाम
# भीड़ से ज्यादा अनुशासन पर देना है सबको ध्यान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 28 मार्च को जेवर में एयरपोर्ट का उद्घाटन है। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैली को लेकर आसपास के जिलों में भाजपाई एलर्ट हैं। सभी तैयारी में जुटे हैं और एक मजबूत संदेश देने की तैयारी है। भाजपा भीड़ जुटा लेगी इसमें कोई दोराय नहीं है। लेकिन यहां चर्चा इस बात को लेकर है कि भाजपा संगठन भीड़ से ज्यादा अनुशासन की बात क्यों कर रहा है। ये पैगाम है कि सभी को भीड़ से ज्यादा अनुशासन पर ध्यान देना है। शहर मंडल में बैठक हुई और यहां जब माईक शहर विधायक संजीव शर्मा के हाथ में आया तो उन्होंने भी अनुशासन पर फोकस करा। यहां पर बड़ी बात ये भी है कि सांसद अतुल गर्ग, विधायक संजीव शर्मा का पूरा फोकस रैली में अनुशासन को लेकर है। अखिर अनुशासन पर इतना जोर क्यों दिया जा रहा है। शहर विधायक संजीव शर्मा ने माईक संभाला और अपनी आदत के मुताबिक उन्होंने सबसे पहले महानगर अध्यक्ष की प्रशंसा की और फिर सभी का नाम लिया। मंडल अध्यक्ष की प्रशंसा की और फिर रैली में अनुशासन का ध्यान रखने वाली बात पर आ गये। विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि हमें क्वांटिटि से ज्यादा क्वालिटि पर ध्यान रखना है। संख्या का विषय नहीं है गुणवत्ता का विषय है। अनुशासन की पहली कड़ी उन्होंने समय की पाबंदी बताई। सभी को निर्देश दिया कि सभी लोग रैली में टाईम से पहुंचेंगे। इसके लिए ये जरूरी है कि सुबह साढ़े सात बने सभी कार्यकर्ता तैयार रहें और बस में सवार हों। इसके बाद फिर वहीं अनुशासन वाली बात आई और शहरविधायक ने कहा कि हमें ये ध्यान रखना है कि जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंच से बोलें तो हम सब अनुशासित रहेंगे, अपनी अपनी सीटों पर बैठे रहेंगे। सबसे बड़ी बात ये है कि ये पैगाम भाजपा में लगातार दिया जा रहा है। दो दिन पहले जब वैशाली में क्षेत्रीय अध्यक्ष आये थे तो यहां भी अनुशासन पर जोर दिया गया था। उन्होंने भी कार्यकर्ताओं से यही कहा था कि कोई भी किसी व्यक्ति विशेष के नारे नहीं लगायेगा। सभी लोग अपनी अपनी सीटों पर जमे रहेंगे और हमें अनुशासन का विशेष ध्यान रहेगा।

## जेवर एयरपोर्ट बनेगा देश की वैश्विक पहचान : दिनेश गोयल

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और संकल्प का है ये परिणाम



गाजियाबाद, करंट क्राइम। एमएलसी दिनेश गोयल ने 28 मार्च को होने वाली प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैली को लेकर सभी भाजपा कार्यकर्ताओं से अपील की है। उन्होंने जेवर एयरपोर्ट को देश के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया है। एमएलसी दिनेश गोयल ने लिखा है कि 28 मार्च 2026 का दिन हमारे क्षेत्र के लिए एतिहासिक होगा। ये वो एतिहासिक दिन है जब जेवर अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट का उद्घाटन हो रहा है। एमएलसी दिनेश गोयल ने कहा कि यह एयरपोर्ट पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विकास, रोजगार और नयी संभावनाओं का बड़ा द्वार है। उन्होंने कहा कि यह सब हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और संकल्प कापरिणाम है। जेवर एयरपोर्ट पूरे प्रदेश ही नहीं बल्कि देश की वैश्विक पहचान को मजबूत करेगा। इस एतिहासिक पल का साक्षी बनने के लिए हम सभी की भागीदारी बहुत महत्वपूर्ण है। एमएलसी दिनेश गोयल ने सभी से अपील करते हुए ये कहा है कि गाजियाबाद महानगर से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस कार्यक्रम को सफल बनायें। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर विकास के इस महायज्ञ में अपनी भागिदारी सुनिश्चत करें।

## कमिश्नरेट के चार थानों में जल्द लगेगा आईएसओ वाला बोर्ड, पुलिस व्यवस्था होगी और अधिक पारदर्शी व जन-केंद्रित

### सिटी जोन के थानों की बदलेगी वर्किंग



**पुलिस कमिश्नरेट व्यवस्था लागू होने के बाद पुलिस विभाग लगातार अपनी सेवाओं को बेहतर, पारदर्शी और जनहितैषी बनाने में जुटा हुआ है।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में थानों के आधुनिकीकरण और कार्यप्रणाली में सुधार को लेकर महत्वपूर्ण पहल की जा रही है।




सिटी जोन के चार प्रमुख थानों–कवि नगर, घंटाघर कोतवाली, वेव सिटी और विजयनगर में जल्द ही आईएसओ (गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली) प्रमाण बोर्ड लगाए जाएंगे। इसके लिए विभागीय स्तर पर प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है और निर्धारित मानकों को पूरा करने के बाद इन थानों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। पुलिस कमिश्नरेट व्यवस्था लागू होने के बाद पुलिस विभाग लगातार अपनी सेवाओं को बेहतर, पारदर्शी और जनहितैषी बनाने में जुटा हुआ है। इसी क्रम में अब थानों को अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों के अनुरूप विकसित किया जा रहा है, ताकि आम नागरिकों को बेहतर सुविधा और भरोसेमंद पुलिसिंग मिल सके।

अधिकारियों के अनुसार चयनित थानों में अभिलेखों का सुव्यवस्थित रख-रखाव, परिसर की स्वच्छता, शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण, आगंतुकों के लिए सुविधाएं, महिला सहायता कक्ष, सुरक्षा व्यवस्था तथा कर्मचारियों के व्यवहार में सुधार जैसे बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। साथ ही कार्यप्रणाली को सरल, स्पष्ट और जवाबदेह बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

### क्या होता है आईएसओ प्रमाणपत्र

करंट क्राइम : आईएसओ (अंतरराष्ट्रीय मानकीकरण संगठन) द्वारा दिया जाने वाला यह प्रमाणन किसी भी संस्था की कार्यप्रणाली और सेवा गुणवत्ता का महत्वपूर्ण मानक माना जाता है। यह प्रमाणन तब प्रदान किया जाता है जब संस्था निर्धारित गुणवत्ता मानकों—जैसे पारदर्शिता, जवाबदेही, समयबद्ध सेवा, स्वच्छ वातावरण और सुव्यवस्थित व्यवस्था—को पूर्ण रूप से अपनाती है। पुलिस थानों में आईएसओ प्रमाणन बोर्ड लगाए जाने का मुख्य उद्देश्य यह दर्शाना है कि संबंधित थाना उच्च गुणवत्ता मानकों पर कार्य कर रहा है और जनता को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इससे न केवल पुलिस की कार्यप्रणाली में सुधार होता है, बल्कि आम नागरिकों का विश्वास भी मजबूत होता है।

### पुलिस की बढ़ेगी जिम्मेदारी, वर्किंग में होगा सीधा सुधार

करंट क्राइम : इस पहल का सीधा लाभ जनता को मिलेगा। लोगों की शिकायतों का त्वरित और समयबद्ध समाधान होगा, थानों में साफ-सुथरा और व्यवस्थित वातावरण मिलेगा, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के लिए सुरक्षा और सुविधा बढ़ेगी तथा पुलिस कर्मियों के व्यवहार में पारदर्शिता और संवेदनशीलता आएगी। वहीं पुलिस विभाग के लिए भी यह प्रमाणन महत्वपूर्ण साबित होगा। इससे कार्यप्रणाली में एकरूपता आएगी, जिम्मेदारी तय होगी और सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार सुनिश्चित किया जा सकेगा। पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि भविष्य में अन्य थानों को भी इस प्रमाणन से जोड़ा जाएगा, जिससे पूरे कमिश्नरेट क्षेत्र में आधुनिक, पारदर्शी और भरोसेमंद पुलिस व्यवस्था स्थापित की जा सके।

## जब बैठक में बस को लेकर चल रही थी बात, तब संगठन वालों और पार्षद के बीच किस बात को लेकर हो गयी हॉट टॉक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रधानमंत्री की रैली है और रैली को लेकर लगातार समीक्षा बैठक हो रही है। टारगेट दिये गये हैं और संगठन तैयारियों में जुटा है। प्रदेश संगठन महामंत्री से लेकर प्रभारी मंत्री ने गाजियाबाद में समीक्ष की है। निर्वाचित पार्षदों से लेकर नामित पार्षद बसें लेकर जायेंगे। संगठन वालों ने भी टारगेट लिया है। काम का तनाव होता है और कई बार मामला थोड़ा टाईट भी हो जाता है। किस्सा नदियापार वाले ईलाके के एक मंडल से जुड़ा है। मंडल में बैठक चल रही थी और यहां भगवा सरदार पहुंचे हुए थे, भगवा त्यागी मौजूद थे और मंडल के प्रधान भी मौजूद थे। बैठक में जनप्रतिनिधियों की बात करें तो दो निर्वाचित पार्षद पहुंचे और एक नामित पार्षद पहुंचे। पार्षदों को संगठन की तरफ से टारगेट दिया गया है। लेकिन बताते हैं कि पार्षद अब टारगेट को लेकर उतना सिरीयस नहीं है।



जिम्मेदारी के साथ मंडल के पार्षदों को फोन कराये। लेकिन रेस्पाँस ये रहा कि फोन के बाद भी कोई नहीं आया। फिर एक पार्षद ने फोन पर ही टारगेट रिसीव कर लिया। सभी की राय ली जा रही थी और पूछा जा रहा था। इसी बीच संगठन वाले पदाधिकारी ने मंडल के एक पार्षद कोफोन मिला लिया। यहां पर कन्फ्यूजन ये था कि दोनों को ही ये पता नहीं था कि कौन किस स्थिति से गुजर रहा है। महानगर पदाधिकारी ने फोन पर ही भगवा पार्षद से कहा कि आपको बैठक में आना था और आप नहीं आये हैं। अब इन शब्दों को सुनकर भगवा पार्षद की चोट उभर आयी। उन्होंने कहा कि मैं 15 दिन से पैर की चोट से ग्रस्त हूं। 15 दिन से मैं चल भी नहीं पा रहा हूं और आप मेरा हाल पूछने क्यों नहीं आये। बताते हैं कि पार्षद का गुस्सा इतना कहकर शांत नहीं हुआ और उन्होंनें ये भी पूछ लिया कि आप टारगेट की बात कर रहे हैं लेकिन मुझे देखने के लिए कौन आया। सूत्र बताते हैं कि फिर धीरे धीरे बातचीत की टोन चेंज होने लगी। दोनों तरफ से सुर लाउड होने लगा। और फिर ये हुआ कि संगठन वाले पदाधिकारी ने भी कह दिया कि अगर हमें आपकी पैर की चोट का पता होता तो हम कुछ और करते या ना करते लेकिन आपको देखने आते। फिर दोनों के बीच काफी गहमा गहमी हुई, और हॉट टॉक को अन्य लोग भी सुन रहे थे। बात बस को ले जाने की थी और यहां बात ने कुछ और ही रूप धारण कर लिया।

### जब पार्षद ने किया पलटकर संगठन वालों को फोन

करंट क्राइम। दोनों ही तरफ से अपनी अपनी बात को संगठन पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी को बता रहे थे। और पार्षद जी अपनी टांको वाली चोट को बता रहे थे। उनका कहना था कि 15 दिन से वो परेशान हैं। बताते हैं कि जब उफान शांत हो गया तो पार्षद जी को 2027 याद आया। वो संगठन की ताकत जानते हैं और उन्होंने बिना देर किये महानगर टीम के पदाधिकारी को फोन मिलाया। सबसे पहले तो अपना टारगेट रिसीव किया। सॉफ्ट टॉन में ये कहा कि एक बस वार्ड में भेज दिजियेगा। बताते हैं कि पार्षद 2027 याद आ गया और उन्हें ये भी महसूस हो गया कि 27 पास है। इसी 27 का लिहाज करके उन्होंने फोन मिला दिया और वो बैकफुट पर आ गये।

## समाजवादी रैली को लेकर एक्टिव मोड में दिखाई दे रहे हैं सिकन्दर
### शहर के बाहर भी दिखा रहे हैं सक्रियता और एक्टिव हैं शहर के भी अंदर




**29 मार्च को दादरी में समाजवादी पार्टी रैली के माध्यम से चुनावी हुंकार भरेगी**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सिकन्दर यादव सियासी चेहरा हैं और चुनाव लड़ चुके हैं। अब वो समाजवादी पार्टी में हैं। सिकन्दर यादव इन दिनों पॉलिटिकली एक्टिव हुए हैं। उनका सोशल मीडिया एकाउन्ट इस बात की गवाही दे रहा है। वो 29 मार्च को हाने वाली समाजवादी पार्टी की समानता सदभावना रैली को लेकर एक्टिव मोड में दिखाई दे रहे हैं। वो 29 मार्च की रैली को लेकर लगातार सोशल मीडिया पर पोस्ट अपलोड कर रहे हैं। पूरी तरह एक्टिव मोड में हैं। 29 मार्च को दादरी में समाजवादी पार्टी इस रैली के माध्यम से चुनावी हुंकार भरेगी। समाजवादी पार्टी के कई जिलों के नेता इस रैली में शामिल होंगे। खुद समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथापूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव इस रैली को संबोधित करेंगे। समाजवादी पार्टी के नेताओं की बात करें तो यहां इन दिनों सुपर एक्टिव मोड में सिकन्दर यादव चल रहे हैं। सिकन्दर यादव लगातार सोशल मीडिया पर एक्टिव हैं, उनकी पोस्ट आ रही हैं। वो इनडोर भी एक्टिव है और आउट डोर भी एक्टिव हैं। जिले के अंदर भी सिकन्दर हैं और बाहर भी सिकन्दर हैं। लगातार बैठकें कर रहे हैं। सिकन्दर यादव भोपुरा में एक्टिव हैं तो मेरठ के सरधना से वो रैली को लेकर एक्टिव मोड में हैं। सभायें कर रहे हैं और डोर टू डोर जा रहे हैं। सिकन्दर यादव की मेहनत सुर्खियों में है। चर्चा यही है कि सिकन्दर यादव क्या इस एक्टिव मोड से विधानसभा पर निशाना साध रहे हैं। अगर वो विधानसभा की तैयारी में हैं तो सरधना में उनके होर्डिंग क्यों नजर आ रहे हैं। वो भोपुरा में क्यों एक्टिव दिखाई दे रहे हैं। क्या सिकन्दर यादव अपनी इस सक्रियता से कोई संदेश देना चाहते हैं।

## दैनिक करंट क्राइम की खबर के बाद शुरू हो गया एक महीने से रुका सड़क का निर्माण
### कैबिनेट मंत्री ने किया था उद्घाटन और नहीं हो रहा था सड़क का काम




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दैनिक करंट क्राइम की खबर का करंट एक बार फिर सड़क निर्माण की फाईल को लगा है। जिस सड़क का निर्माण एक महीने से नहीं हो रहा था। उस सड़क के निर्माण का काम शुरू हो गया है। गौरतलब है कि दैनिक करंट क्राइम ने उस सड़क के हालात को प्रकाशित किया था जिसका उदघाटन कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने किया था। लोक निर्माण विभाग द्वारा इस सड़क का निर्माण होना था। ये सड़क साहिबाबाद में मोहननगर से ज्ञानी बॉर्डर तक बनी है। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने इसका उदघाटन किया और फिर पीडब्ल्यूडी का ये प्रोजेक्ट अधर में लटक गया। उदघाटन का नारियल फूट गया लेकिन सड़क बननी ही शुरू नहीं हुई। दैनिक करंट क्राइम ने प्रमुखता से इस खबर को प्रकाशित किया और खबर प्रकाशन के बाद मंत्रालय से लेकर विभागीय अधिकारी अलर्ट हो गये। बताते हैं कि खुद कैबिनेट मंत्री ने इस स्थिति को लेकर संज्ञान लिया। खबर का करंट ये रहा कि सड़क का निर्माण शुरू हो गया। एक महीने का इंतजार समाप्त हुआ और अब सड़क का निर्माण शुरू हो गया। ये पूरा मामला लखनऊ से लेकर मेरठ में बैठने वाले पीडब्ल्यूडी अधिकारी तक पहुंचा। इसके बाद सड़क का काम शुरू हो गया।



### कैबिनेट -तारकोल का रेट और एट

करंट क्राइम। एक महीने से सड़क होल्ड हो गयी। उद्घाटन हो गया और फिर सड़क क्यों नहीं बनी। विभागीय सूत्र बताते हैं कि सीन में पहले कैबिनेट वाले आये और बाद में तारकोल के रेट आ गये। सूत्र बताते हैं कि तारकोल के रेट में 8 रूपये की बढ़ोत्तरी हो गयी। टेंडर किसी और रेट पर था और तारकोल का रेट बढ़ गया। ठेकेदार ने इस वजह से काम शुरू नहीं किया। कैबिनेट वालों ने नारियल फोड़ दिया और ठेकेदार ने तारकोल का रेट 8 रूपये बढ़ने पर काम छोड़ दिया। बहरहाल अब जब मामला संज्ञान में आ गया है तो फिर काम भी समाधान वाले सीन में आ गया है। लेकिन असली बाधा तारकोल के रेट में 8 रूपये की वृद्धि ही बताई जा रही है।

### भगवा खेमे में जब सुलग उठी चर्चा की एक आग
## क्यों अतुल गर्ग बिठा कर ले गये तीन मंडलों में मयंक गोयल को अपने साथ




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में ट्यूनिंग का एक संदेश होता है। राजनीति में जब दो पदाधिकारी जब एक साथ एक कार को शेयर करते हैं तो इससे पता चलता है कि वो एक दूसरे की केयर करते हैं। जब किसी बड़े मंत्री के साथ कोई नेता जाता है तो सिर्फ इस कार की सवारी से ही नेता का कद बढ़ जाता है। भगवा गांव में चर्चा की आग उस समय सुलग उठी जब लोकसभा सांसद अतुल गर्ग अपनी साथ भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल को अपनी कार में बैठाकर ले गये। हालाकि राजनीति में ये आम बात है और जब एक ही सरकार के हैं तो एक ही कार में बैठ सकते हैं। लेकिन चर्चा होती ही है क्योंकि सबके सब सरकार से हैं मगर इतना प्यार क्यों दिखाया गया। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग अपनी कार में महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल को बिठाकर लेकर गये। साथ एक मंडल का नहीं था बल्कि तीन मंडलों का रहा। अतुल गर्ग पावर सेंटर के नये छोर हैं और प्रधानमंत्री वाली रैली की तैयारियों को लेकर उनका इस तरह से अध्यक्ष के साथ जाना चर्चाओं में रहा। चर्चा की एक वजह ये भी है कि लोकसभा सांसद अतुल गर्ग का सानिध्य वाला स्नेह शहर विधायक संजीव शर्मा पर माना जाता है। लेकिन जब कार में मयंक गोयल के साथ सांसद अतुल गर्ग नजर आये तो फिर इस ट्यूनिंग के मायने तलाशे जाने लगे। सब उस समय हैरान हुए जब एक मंडल में मिशन वाली बैठक के लिए सांसद अतुल गर्ग की कार पहुंची और सांसद की कार से महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल उतरे। आखिर इस जुगलबंदी का राज सब तलाशने लगे। चर्चा इस बात को लेकर भी रही कि लोकसभा सांसद अतुल गर्ग का लगाव और झुकाव मयंक गोयल की तरफ क्यों है।

## जाम और ट्रैफिक से त्रस्त व्यापारी बैठक में खुलकर उठी समस्याएं
### बोले, सुरक्षा से ज्यादा जाम और अतिक्रमण करता है परेशान

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** बुधवार को पुलिस लाइन स्थित परमजीत हॉल में गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के वरिष्ठ अधिकारियों और शहर के प्रमुख व्यापारियों के बीच आयोजित बैठक में शहर की ट्रैफिक व्यवस्था और जाम का मुद्दा सबसे ज्यादा हावी रहा। व्यापारियों ने स्पष्ट कहा कि वर्तमान में उनकी सबसे बड़ी परेशानी सुरक्षा नहीं, बल्कि लगातार बढ़ता जाम, अतिक्रमण और अव्यवस्थित ट्रैफिक है। बैठक में व्यापारियों ने बाजारों और मुख्य मार्गों पर अवैध अतिक्रमण, सड़क किनारे अनियंत्रित पार्किंग और पीक आवर्स में लगने वाले भारी जाम की समस्या को प्रमुखता से उठाया। उनका कहना था कि इन कारणों से व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है और ग्राहकों को बाजार तक पहुंचने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इस दौरान एडिशनल सीपी राज करन नैय्यर, डीसीपी सिटी जोन धवल जयसवाल, डीसीपी ट्रैफिक त्रिगुण बिसेन, ट्रैफिक विभाग के अधिकारी और पुलिस कमिश्नरेट के अन्य सहायक पुलिस आयुक्त मौजूद रहे। बैठक में बड़ी संख्या में व्यापारी प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और जमीनी समस्याओं को विस्तार से अधिकारियों के सामने रखा।

बैठक में ऑपरेशन प्रहार और ऑपरेशन त्रिनेत्र को लेकर भी गंभीर चर्चा हुई। अधिकारियों ने व्यापारियों से इन अभियानों को सफल बनाने में सहयोग की अपील की। ऑपरेशन प्रहार के तहत अपराध और अवैध गतिविधियों पर अंकुश



लगाने की रणनीति साझा की गई, वहीं ऑपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत बाजारों, प्रतिष्ठानों और प्रमुख चौराहों पर सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया।

पुलिस अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि ट्रैफिक सुधार, अतिक्रमण हटाने और जाम से राहत दिलाने के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर जल्द ही प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही व्यापारियों से भी नियमों के पालन और सहयोग की अपील की गई, ताकि शहर में सुचारु यातायात और बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

नई दिल्ली | दैनिक करंट क्राइम | 04 | गुरुवार • 26 मार्च -2026



## संपादकीय

# दिल्ली का ग्रीन प्लान

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को दिल्ली विधानसभा में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 1,03,700 करोड़ रुपए का बजट पेश करते हुए कहा कि यह हरित बजट है।

इस बार दिल्ली के बजट में विकास की संतुलित तस्वीर नजर आती है। इसमें भले ही राष्ट्रीय राजधानी के बाशिंदों को तात्कालिक लाभ वाली घोषणाओं की कमी महसूस हो, लेकिन भविष्य की उम्मीदों को लेकर प्रतिबद्धता साफ दिखती है, जिसमें प्रदूषण जैसे गंभीर मसले की चिंता भी शामिल है। ऐसा इसलिए, क्योंकि कुल बजट का इक्कीस फीसद हिस्सा पर्यावरण संरक्षण पहल के लिए रखा गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को दिल्ली विधानसभा में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 1,03,700 करोड़ रुपए का बजट पेश करते हुए कहा कि यह हरित बजट है। इसमें दोराय नहीं कि सरकार की नीतियों में जनसरोकार की भावना दिखनी चाहिए। इस दृष्टि से देखें, तो सरकार ने इसका विशेष ध्यान रखा है और शिक्षा क्षेत्र के साथ जनस्वास्थ्य सेवाओं को भी प्राथमिकता दी है। शिक्षा पर कुल बजट का अठारह फीसद खर्च करने का निर्णय निस्संदेह सराहनीय कदम है। वहीं स्वास्थ्य सेवाओं के लिए तेरह हजार करोड़ से अधिक राशि आबंटित किए जाने से उम्मीद की जा सकती है कि सरकारी अस्पतालों की दशा और दिशा बदलेगी।

बजट में नागरिकों को बेहतर और आधुनिक सुविधाएं देने का संतुलित प्रयास किया गया है। युवा पीढ़ी भविष्य में दिल्ली की जो नई तस्वीर देखना चाहती है, सरकार उसी दिशा में कदम बढ़ाती दिख रही है। आने वाले वर्षों में यहां सार्वजनिक परिवहन का नया रूप सामने होगा, क्योंकि मुख्यमंत्री ने घोषणा की है कि वर्ष 2029 तक पूरे परिवहन बेड़े को इलेक्ट्रिक बसों में बदला जाएगा। इसी के साथ दिल्ली की सड़कों की दशा सुधारने की इच्छाशक्ति भी सरकार ने दिखाई है।

शहरी विकास के साथ धूलमुक्त सड़कें बनाने के लिए अलग से राशि का आबंटन किया गया है। नई सेमीकंडक्टर नीति की घोषणा से उम्मीद जगी है कि राजधानी में नवउद्यम समेत बुनियादी औद्योगिक ढांचे का सतत विकास होगा। इसके अलावा अटल कैंटीन से जुड़े विश्राम स्थल बनाने की घोषणा से अस्थायी कर्मचारियों को रोजमर्रा की कठिनाइयों से राहत मिलने की उम्मीद जगी है। कुल मिलाकर यह बजट विकासोन्मुख माना जा रहा है, लेकिन यह तभी संभव होगा, जब बजट घोषणाओं पर पूरी तरह अमल किया जाएगा। आने वाले वर्षों में यहां सार्वजनिक परिवहन का नया रूप सामने होगा, क्योंकि मुख्यमंत्री ने घोषणा की है कि वर्ष 2029 तक पूरे परिवहन बेड़े को इलेक्ट्रिक बसों में बदला जाएगा। इसी के साथ दिल्ली की सड़कों की दशा सुधारने की इच्छाशक्ति भी सरकार ने दिखाई है।

शहरी विकास के साथ धूलमुक्त सड़कें बनाने के लिए अलग से राशि का आबंटन किया गया है। नई सेमीकंडक्टर नीति की घोषणा से उम्मीद जगी है कि राजधानी में नवउद्यम समेत बुनियादी औद्योगिक ढांचे का सतत विकास होगा।

# कैबिनेट के बड़े फैसले, 30हजार 640 करोड़ की योजनाओं को मंजूरी

## उड़ान योजना विस्तार, इमिग्रेशन सिस्टम अपग्रेड और पेरिस समझौते के तहत अहम कदम



**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने देश के विमानन ढांचे, इमिग्रेशन सिस्टम और वैश्विक जलवायु प्रतिबद्धताओं को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम उठाया है। केंद्रीय कैबिनेट ने कुल 30,640 करोड़ रुपये के की परियोजनाओं और नीतिगत फैसलों को अपनी मंजूरी दे दी है।

इन अहम फैसलों में क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने वाली 'मॉडिफाइड उड़ान योजना' और 'आईवीएफआरटी 3.0' के विस्तार के साथ-साथ पेरिस समझौते के तहत भारत के राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) से जुड़ा एक महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय शामिल है।

### उड़ान योजना में बड़ा बदलाव

कैबिनेट की बैठक में सबसे बड़ा वित्तीय आवंटन विमानन क्षेत्र के बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए किया गया है। टियर-2 और टियर-3 शहरों में हवाई संपर्क को और बेहतर बनाने के लिए सरकार ने 'मॉडिफाइड उड़ान योजना' को 28,840 करोड़ रुपये की भारी-भरकम मंजूरी दी है।

इस योजना के तहत देश भर में 100 नए हवाई अड्डों और 200 हेलीपैड विकसित करने की योजनाओं के साथ क्षेत्रीय हवाई संपर्क को बड़ा बढ़ावा मिलेगा।

### इमिग्रेशन और वीजा सिस्टम का होगा आधुनिकीकरण

कैबिनेट ने विदेशियों के भारत आने, उनके वीजा और रजिस्ट्रेशन की पूरी प्रक्रिया को आधुनिक और सुविधाजनक बनाने के लिए बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने 'इमिग्रेशन, वीजा, फॉरेनर्स रजिस्ट्रेशन एंड ट्रैकिंग' (आईवीएफआरटी 3.0) योजना को अगले पांच वर्षों यानी 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक जारी रखने की मंजूरी दे दी है, जिसके लिए 1,800 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। आम लोगों और यात्रियों के नजरिए से इसका सीधा मतलब यह है कि अब इमिग्रेशन और वीजा सेवाएं पूरी तरह से हाई-टेक और सुरक्षित नेटवर्क से जुड़ी रहेंगी, जिससे सही विदेशी यात्रियों को भारत आने में कोई परेशानी नहीं होगी और साथ ही देश की राष्ट्रीय सुरक्षा भी पहले से ज्यादा मजबूत होगी।

### पेरिस समझौते के तहत एनडीसी पर नीतिगत मुहर

वित्तीय मंजूरियों के अलावा, कैबिनेट ने वैश्विक पर्यावरण से जुड़ा एक प्रमुख नीतिगत फैसला भी लिया है। सरकार ने पेरिस समझौते के तहत भारत के 'नेशनली डिटरमाइंड कंट्रीब्यूशन' को औपचारिक मंजूरी दे दी है। यह फैसला वैश्विक मंच पर भारत की कार्बन उत्सर्जन कम करने की प्रतिबद्धताओं को स्पष्ट करता है और भविष्य में ग्रीन एनर्जी तथा सतत विकास से जुड़ी कॉर्पोरेट रणनीतियों को एक नई दिशा देगा।

# पीएनजी और सीएनजी आपूर्ति पर सरकार का जोर

## उपभोक्ताओं को 100% सप्लाई सुनिश्चित कराने का दावा



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के बीच सरकार ने भरोसा दिलाया है कि देश में पीएनजी और सीएनजी की 100% आपूर्ति सुनिश्चित है। पीएनजी नेटवर्क विस्तार पर जोर देते हुए कंपनियां प्रोत्साहन दे रही हैं, जबकि राज्यों से अतिरिक्त 10% कमर्शियल एलपीजी उपलब्ध कराने को कहा गया है, ताकि ऊर्जा आपूर्ति सुचारु बनी रहे। पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच सरकार ने अंतर मंत्रालयी प्रेसवार्ता के दौरान देश में पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति स्थिति पर महत्वपूर्ण जानकारी दी है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि देश में पाइप्ड नेचुरल गैस और सीएनजी की आपूर्ति को प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जा रहा है। अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि घरेलू छढक्क कनेक्शनों के लिए 100 प्रतिशत गैस आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही, परिवहन क्षेत्र में इस्तेमाल होने वाली CNG की मांग को भी पूरी तरह पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार नेटवर्क के विस्तार पर विशेष ध्यान दे रही है और इस दिशा में कई कदम उठाए गए हैं। उपभोक्ताओं को आकर्षित करने के लिए कई कंपनियों ने प्रोत्साहन योजनाएं शुरू की हैं, जिनमें 500 रुपये तक मुफ्त गैस और सिक्योरिटी डिपॉजिट में छूट जैसी सुविधाएं शामिल हैं।

साथ ही, राज्य सरकारों को पत्र लिखकर अतिरिक्त 10 प्रतिशत कमर्शियल LPG उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है, ताकि ऊर्जा आपूर्ति को और मजबूत किया जा सके। सरकार का कहना है कि इन उपायों से स्वच्छ ईंधन के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा और उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

### कमर्शियल एलपीजी के कोटा में हुई बढ़ोतरी

शर्मा बताया कि 21 तारीख को सरकार ने कमर्शियल छढक्क का कोटा 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकारों से अनुरोध किया गया है कि ढाबों, होटलों, औद्योगिक कैंटीनों, सामुदायिक रसोई और सरकारी सब्सिडी वाली कैंटीनों को प्राथमिकता दी जाए। साथ ही प्रवासी मजदूरों को 5 किलोग्राम वाले सिलेंडर के वितरण में प्राथमिकता देने को कहा गया है। इन उपायों के परिणामस्वरूप अब तक 26 राज्यों ने लगभग 22,000 टन कमर्शियल LPG का आवंटन किया है। यह आवंटन राज्य सरकारों और ऑयल मार्केटिंग कंपनियों दोनों के जरिए पूरे देश में लागू किया जा रहा है। सरकार के मुताबिक इन संयुक्त प्रयासों के चलते कल ही करीब 30,000 पांच किलोग्राम सिलेंडरों का वितरण किया गया। सरकार का कहना है कि इन कदमों से जरूरतमंद वर्गों तक गैस की उपलब्धता सुनिश्चित हो रही है और आपूर्ति व्यवस्था सुचारु बनी हुई है।

# शेयर बाजार में तेजी बरकरार, सेंसेक्स 1200 अंक उछला, निफ्टी 23300 पार

## तीसरे दिन भी दिखी रैली, वैश्विक संकेतों और शांति उम्मीदों से बाजार को मिला सपोर्ट



**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार बुधवार को हरे निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1205 अंक उछलकर 75,273.45 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 394.05 अंक की बढ़त के साथ 23,306.45 पर बंद हुआ।

हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन यानी बुधवार को शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। बेंचमार्क सूचकांक और निफ्टी में करीब दो प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,205 अंक या 1.63 प्रतिशत बढ़कर 75,273.45 पर बंद हुआ। दिन के दौरान इसमें 1,781.31 अंक या 2.40 प्रतिशत की तेजी आई और यह 75,849.76 पर पहुंच गया। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 394.05 अंक या 1.72 प्रतिशत बढ़कर 23,306.45 पर बंद हुआ। रुपया 29 पैसे गिरकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर 94.05 (अस्थायी) पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों का हाल सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, टाइटन, इंटरग्लोब एविएशन और ट्रेंट सबसे बड़े लाभ कमाने वाले शेयर रहे। टेक महिंद्रा, पावर ग्रिड, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स इस मामले में पिछड़ गए।

### यूरोपीय बाजारों में दिखी तेजी

एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का बेंचमार्क कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि वैश्विक जोखिम भावना में सुधार और शांति की उम्मीदें बढ़ने से बाजारों ने पिछले दिन की गति को बरकरार रखा।

# वित्त विधेयक लोकसभा से पारित, निर्मला सीतारमण बोलीं- भारत रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार



**नई दिल्ली।** वित्त विधेयक 2026 लोकसभा में 32 सरकारी संशोधनों को शामिल करने के बाद पारित हो गया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि भारत तेजी से सुधारों के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि देश में सुधार किसी मजबूरी में नहीं, बल्कि स्पष्ट सोच, आत्मविश्वास और प्रतिबद्धता के साथ किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारत रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार है और लगातार आगे बढ़ रहा है।

टैक्स सिस्टम को अधिक पारदर्शी बनाने की कोशिश उन्होंने कहा कि सरकार का फोकस भरोसे पर आधारित टैक्स सिस्टम बनाने पर है, जिसके तहत ईमानदार करदाताओं के लिए परेशानियां कम की जा रही हैं। टैक्स प्रशासन को अधिक पारदर्शी और आसान बनाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं।

17 दवाओं पर से बेसिक कस्टम ड्यूटी हटाई गई वित्त मंत्री ने आम लोगों को राहत देने के लिए 17 जरूरी जीवनरक्षक दवाओं को बेसिक कस्टम ड्यूटी से मुक्त करने का भी एलान किया। इससे इन दवाओं की कीमतें कम होने की उम्मीद है और मरीजों को सीधा फायदा मिलेगा।

## रोचक तथ्यों का करंट

- जहाँ एक ओर दुनिया में लोग भूखे मर रहे हैं वहीं हर साल दुनिया का आधे से अधिक खाना फेंक दिया जाता हैं।
- आप मानें या ना मानें पर डाक्टरों की अजीब तरह से लिखने की आदत हर साल 7000 लोगों की जान ले लेती हैं।
- करीब 72% के हैंडल घिसे हुए होते हैं।
- मोमबत्ती के ज्वाला में कई छोटे छोटे हीरे के टुकड़े होते हैं।
- वैसे तो जन्म और मृत्यु पर किसी का नियंत्रण नहीं होता पर चीन में बिना सरकारी इजाजत के किसी का पुर्नजन्म नहीं हो सकता।
- हर वो सिगरेट जिसका धुआं आपके शरीर में जाता हैं आपकी जिंदगी के 11 मिनट कम कर देता हैं।
- धरती के 80% जीव कीड़े मकोड़े हैं।
- माइकल जैक्सन वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हुए हमले में ही मारे गए होते पर वो घर पर सोए ही रह गए और उनकी मीटिंग कैंसल हो गई।
- सुअरों की शारीरिक बनावट ऐसी होती हैं कि वे आकाश नहीं देख सकते।
- कोई नहीं जानता कि अग्निशामक यंत्र का आविष्कार किसने किया क्योंकि इसका पेटेंट आग में जलकर नष्ट हो गया।

# कतर एनर्जी ने एलएनजी सप्लाई पर फोर्स मेज्योर लागू किया, वैश्विक ऊर्जा बाजार में हलचल



**नई दिल्ली।** कतर एनर्जी ने इटली, बेल्जियम, दक्षिण कोरिया और चीन के साथ एलएनजी आपूर्ति अनुबंधों पर फोर्स मेजर घोषित कर दिया है। यह घोषणा उसके रास लाफान उत्पादन केंद्र को हुए भारी नुकसान के बाद की गई है। 'फोर्स मेज्योर' एक कानूनी शब्द है, जिसका सीधा और सरल मतलब है- 'ऐसी परिस्थिति जिसे नियंत्रित नहीं किया जा सकता' या 'ईश्वरीय घटना'। आसान भाषा में समझें तो यह किसी अनुबंध में एक ऐसी शर्त होती है, जो दोनों पक्षों को तब जिम्मेदारियों से मुक्त कर देती है जब कोई ऐसी अनहोनी हो जाए जो किसी के बस में न हो। कंपनी ने बताया कि 18 और 19 मार्च को हुए मिसाइल हमलों से उसके रास लाफान उत्पादन केंद्र को भारी नुकसान हुआ है। रास लाफान कतर के प्रमुख ऊर्जा उत्पादन केंद्रों में से एक है। इन हमलों में दो एलएनजी ट्रेन और एक गैस-टू-लिक्विड्स (जीटीएल) ट्रेन क्षतिग्रस्त हो गए। इस क्षति के कारण कंपनी को अपने अंतरराष्ट्रीय ग्राहकों को एलएनजी की आपूर्ति में बाधा का सामना करना पड़ रहा है। कतर एनर्जी ने कहा कि वह अपने परिचालन पर हुए पूर्ण प्रभाव का आकलन कर रही है। साथ ही, कंपनी प्रभावित सुविधाओं की मरम्मत के लिए आवश्यक समय-सीमा का भी मूल्यांकन कर रही है।

# पश्चिम एशिया संकट के बीच खाद आपूर्ति मजबूत करने की तैयारी

## वितरण प्रणाली पारदर्शी बनाने पर जोर, फार्मर आईडी और निगरानी व्यवस्था तेज



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच केंद्र सरकार ने देश में खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को खाद की आपूर्ति मजबूत करने, कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई करने और आगामी खरीफ सीजन के लिए पूरी तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**फार्मर आईडी के काम में तेजी लाने पर दिया जोर :** कृषि व किसान कल्याण मंत्रालय के मुताबिक, बैठक में खाद की समान और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। मंत्री ने वितरण प्रणाली को पारदर्शी बनाने के लिए फार्मर आईडी के काम में तेजी लाने को कहा। साथ ही उन्होंने संकेत दिया कि इस मुद्दे पर जल्द ही राज्यों के मुख्यमंत्री और कृषि मंत्रियों के साथ समन्वय बैठक की जाएगी। कृषि मंत्री ने अधिकारियों से संकट के समय सक्रिय भूमिका निभाने को कहा और भरोसा जताया कि सरकार किसानों तक समय पर जरूरी संसाधन पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

पिछले 10 वर्षों में कृषि उत्पादन 44% बढ़ा इससे पहले, चौहान ने लोकसभा में कहा था कि पिछले 10 वर्षों में देश का कृषि उत्पादन करीब 44 प्रतिशत बढ़ा है।

### कालाबाजारी और जमाखोरी के खिलाफ की जाए सख्त कार्रवाई

चौहान ने स्पष्ट निर्देश दिए कि वैश्विक संकट का फायदा उठाकर खाद और बीज की कालाबाजारी या जमाखोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। राज्यों को भी इस दिशा में कठोर कदम उठाने के लिए कहा गया है। इन कारकों की हुई समीक्षाबैठक में एग्रो-केमिकल्स और बीज सुखाने में इस्तेमाल होने वाली आवश्यक गैसों की उपलब्धता की भी समीक्षा की गई। इसके अलावा दूध और अन्य कृषि उत्पादों के लिए पैकेजिंग सामग्री की पर्याप्त आपूर्ति बनाए रखने पर जोर दिया गया। इसके लिए पेट्रोलियम मंत्रालय और अन्य संबंधित विभागों के साथ समन्वय के निर्देश दिए गए हैं। कृषि क्षेत्र की स्थिति पर नजर रखने के लिए 24७7 निगरानी के लिए एक स्पेशल सेल भी बनाया गया है, जो खाद, बीज और कीटनाशकों की उपलब्धता पर साप्ताहिक रिपोर्ट सीधे कृषि मंत्री को देगा।

## राशिफल

**मेष :** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष :** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन :** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क :** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह :** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या :** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला :** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु :** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर :** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ :** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन :** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

टीचर : बताओ, बिजली कहां से आती है?
स्टूडेंट : मम्मी के फोन से!
टीचर : कैसे?
स्टूडेंट : वो बोलती हैं फोन चार्ज कर ले, बिजली आ गई है!

---

पत्नी : तुम मुझे कभी घुमाने नहीं ले जाते
पति : चलो आज ले चलता हूँ
पत्नी : कहाँ?
पति : किचन गैस खत्म है!

---

दोस्त : भाई, तेरी लाइफ कैसी चल रही है?
दूसरा : बस भाई, Netflix की तरह
दोस्त : कैसे?
दूसरा : पैसे दे रहा हूँ, मजा कोई और ले रहा है!

---

पप्पू : डॉक्टर साहब, मुझे हर वक्त भूख लगती है
डॉक्टर : तो खाना खा लिया करो
पप्पू : यही तो समस्या है, पैसे नहीं हैं!

---

टीचर : बताओ, "Good Night" कब बोलते हैं?
स्टूडेंट : जब सामने वाला बहुत बोर कर रहा हो!

---

गर्लफ्रेंड : तुम मुझसे कितना प्यार करते हो?
बॉयफ्रेंड : इतना कि तेरे बिना जी नहीं सकता
गर्लफ्रेंड : सच?
बॉयफ्रेंड : हाँ, WiFi नहीं होगा तो भी जी लूंगा, पर तू नहीं!




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# बैंकॉक में तीरंदाजी एशिया कप

## भारतीय महिला रिकर्व और पुरुष कंपाउंड टीमों का जलवा, जीते कांस्य पदक



**बैंकॉक।** इन कांस्य पदकों से भारतीय तीरंदाजी के भविष्य के लिए एक मजबूत आधार तैयार हुआ है। यह युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करेगा और देश में तीरंदाजी के खेल को और अधिक बढ़ावा देगा।

भारतीय तीरंदाजों ने एशिया कप विश्व रैंकिंग टूनार्मेंट के पहले चरण में बुधवार को दूसरे दिन दो कांस्य पदक जीते जबकि पुरूष रिकर्व और महिला कंपाउंड टीम स्पधाओं के फाइनल में भी प्रवेश कर लिया।

महिला कंपाउंड टीम ने पिछली बार कांस्य जीता था लेकिन इस बार फाइनल खेलकर पदक का रंग बेहतर करेगी। चिकिथा तानीपर्थी, राज कौर और तेजल साल्वे की तिकड़ी ने स्थानीय खिलाड़ी कन्यावी मानीसोम्बात्कुल, कानोकनापुस काएचोम्फू और चानीदप्पा तानारत्पितिनान को 229-226 से हराया। अब सेमीफाइनल में उनका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त कजाखस्तान से होगा।

पुरूष कंपाउंड वर्ग में क्वालीफिकेशन दौर में शीर्ष पर रहने के बावजूद भारतीय तीरंदाज खिताब बरकरार रखने में नाकाम रहे और कांस्य से संतोष करना पड़ा। रजत चौहान, ऋषभ यादव और उदय कम्बोज को वियतनाम के हाथों सेमीफाइनल में 233-234 से पराजय मिली। कांस्य पदक के मुकाबले में भारतीय टीम ने भूटान को 234-232 से हराया। रिकर्व वर्ग में भारतीय पुरूष टीम मलयेशिया को 5-1 से हराकर फाइनल में पहुंच गई। भारत के देवांग गुप्ता, सुखचैन सिंह और जुयेल सरकार ने एक भी सेट गंवाये बिना जीत दर्ज की।

# आरसीबी के 16000+ करोड़ में बिकने पर इस क्रिकेटर ने ली चुटकी

**एम्सटरडैम।** पॉल वान मीकेरन के बयान ने आईसीसी के सदस्य देशों की हालत और उनकी मांगों को एक बार फिर पुख्ता किया है। सदस्य देश आईसीसी के पूर्ण सदस्य देशों के खिलाफ नियमित सीरीज की मांग करते रहे हैं। उनका कहना है कि इससे सदस्य देशों को और मजबूत होने में मदद मिलेगी।

आईपीएल की दो टीमों को नया मालिक मिल गया और साथ ही रिकॉर्ड्स भी बन गए हैं। राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीमों की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी दो अलग-अलग कंसोर्टियम ने मंगलवार को हासिल की। अमेरिकी मूल के बिजनेसमैन काल सोमानी के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम ने राजस्थान रॉयल्स की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी 1.63 अरब डॉलर (करीब 15,290 करोड़ रुपये) में खरीद ली। वहीं, यूनाइटेड स्पिरिट्स लिमिटेड (यूएसएल) की जगह आरसीबी का स्वामित्व अब आदित्य बिड़ला ग्रुप के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम के हाथ आ गया है।





आरसीबी को यूएसएल से आदित्य बिड़ला ग्रुप के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम ने 1.78 बिलियन यूएस डॉलर (भारतीय रुपये में करीब 16,706 करोड़) में खरीदा है। आरसीबी की डील के बाद नीदरलैंड के तेज गेंदबाज पॉल वान मीकेरन का एक ट्वीट चर्चा में आ गया है। उन्होंने इस डील पर चुटकी लेते हुए कहा कि इस राशि का 0.5 प्रतिशत भी नीदरलैंड क्रिकेट को मिल गया तो हम क्रिकेट की नई ताकत बन सकते हैं।

दरअसल, हाल ही में भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में हुए टी20 विश्वकप में आईसीसी के सदस्य देशों का प्रदर्शन शानदार रहा था। पहली बार टी20 विश्वकप 20 टीमों के साथ खेला गया और कई सदस्य देशों ने अपने प्रदर्शन से तारीफें जीतीं। इसके बाद कई सदस्य देशों के खिलाड़ियों ने आईसीसी के पूर्ण सदस्य देशों के साथ ज्यादा से ज्यादा मैचों की मांग की थी। ओमान के कप्तान जतिंदर सिंह से लेकर नीदरलैंड के कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स तक ने आईसीसी से मांग की थी कि उन्हें नियमित क्रिकेट सीरीज मिले ताकि वे आईसीसी टूनार्मेंट्स में ज्यादा से ज्यादा हिस्सा ले सकें। इस पर आईसीसी ने स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं दी थी, लेकिन कहा था कि कागज पर कमजोर दिखने वाली टीमों ने टूनार्मेंट को रोमांचक बना दिया। आईसीसी ने उनका आभार भी जताया था।

अब मीकेरन के बयान ने इस मुद्दे को फिर उठा दिया है। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा कि आरसीबी को मिली रकम का छोटा सा हिस्सा नीदरलैंड के क्रिकेटरों की मदद करेगा और क्रिकेट को और वैश्विक बनाने में एक अहम कदम साबित होगा। उन्होंने आरसीबी को टैग करते हुए लिखा, 'अगर सिर्फ इस राशि का 0.5 प्रतिशत हिस्सा भी नीदरलैंड क्रिकेट को मिल जाए, तो हम पूर्ण सदस्य से अपने गैप को कम करने में सक्षम हो सकते हैं। इससे क्रिकेट को और वैश्विक और चुनौतिपूर्ण बनाने में मदद मिलेगी।'



आरसीबी का स्वामित्व बदला

आईपीएल 2025 का खिताब जीतने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का स्वामित्व बदल गया है। यूनाइटेड स्पिरिट्स लिमिटेड (यूएसएल) की जगह आरसीबी का स्वामित्व अब आदित्य बिड़ला ग्रुप के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम, जिसमें द टाइम्स ऑफ इंडिया ग्रुप, बोल्ट वेंचर्स और ब्लैकस्टोन की परपेचुअल प्राइवेट इक्विटी स्ट्रैटेजी शामिल है, के पास चला गया है। आरसीबी के नए संभावित चेयरमैन के बारे में खबर है कि वह टीम के कप्तान रजत पाटीदार के साथ खेल चुके हैं। आर्यमान बिड़ला आरसीबी के नए अध्यक्ष बन सकते हैं। आर्यमान बिड़ला, आदित्य बिड़ला ग्रुप के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला के बेटे हैं। आर्यमान एक क्रिकेटर रहे हैं और घरेलू क्रिकेट में मध्य प्रदेश की तरफ से खेले हैं। मध्य प्रदेश से ही आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार भी खेलते हैं।

# मैदान पर क्रिकेटर्स और फैंस ने कई गलत नामों से पुकारा : पूर्व स्पिनर लक्ष्मण शिवरामकृष्णन

**चेन्नई।** पूर्व स्पिनर लक्ष्मण शिवरामकृष्णन का खुलासा चौंका देने वाला है। उन्होंने जो खुलासे किए हैं, इससे तूफान मच सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें मैदान पर क्रिकेटर्स और फैंस ने कई गलत नामों से पुकारा। इसकी वजह से उन्हें कई बार परेशानियों का भी सामना करना पड़ा।

कभी भारतीय क्रिकेट के सबसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों में से एक माने जाने वाले लक्ष्मण शिवरामकृष्णन का अंतरराष्ट्रीय करियर भले ही लंबा न रहा हो, लेकिन उन्होंने खेल के मैदान पर अपनी फिरकी से सलीम मलिक और इमरान खान समेत कई दिग्गजों को परेशान किया। हालांकि, उनकी प्रतिभा और शुरूआती शानदार प्रदर्शन के बावजूद, वह आगे चलकर उम्मीदों पर खरे नहीं उतर सके।

अब उन्होंने खुलासा किया है कि इसका कारण केवल उनकी प्रतिभा या खेल में सुधार की कमी ही नहीं थी, बल्कि उनके साथ ही नस्लीय टिप्पणी भी थी। हाल ही में एक इंडियन एक्सप्रेस के साथ एक इंटरव्यू में, शिवरामकृष्णन ने अन्य कारणों के बारे में खुलकर बात की। उनका कहना है कि अन्य कारणों ने भी उन पर एक गहरा मानसिक घाव छोड़ा है, जिसे मिटाना उनके लिए मुश्किल रहा है। शिवरामकृष्णन ने कहा कि नस्लवाद की घटनाओं से उन्हें बार-बार गुजरना पड़ा।





### साथियों ने कहा 'करुपा' और भीड़ की नस्लीय टिप्पणियां

यह घटना कोई अकेली नहीं थी। शिवरामकृष्णन ने बताया कि तमिलनाडु की टीम में प्रमुख खिलाड़ियों ने उन्हें 'करुपा' (काले रंग वाला) कहकर बुलाया। मुंबई, चंडीगढ़ और जालंधर जैसे शहरों में जब वह बाउंड्री के पास फील्डिंग करते थे, तो भीड़ अक्सर 'कालिया, तेरा क्या होगा' चिल्लाती थी, जो उनके त्वचा के रंग का मजाक उड़ाता था। एक अन्य नस्लवाद की घटना का जिक्र करते हुए, शिवरामकृष्णन ने खुलासा किया कि कैसे एक वरिष्ठ भारतीय खिलाड़ी ने उनके 17वें जन्मदिन पर लाए गए केक से उनकी त्वचा के रंग की तुलना की थी। यह सुनील गावस्कर ही थे जिन्हें उन्हें शांत करना पड़ा, जब वे रोते हुए केक काट रहे थे।

**बचपन का पहला कड़वा अनुभव:** 'द इंडियन एक्सप्रेस' को दिए इंटरव्यू के मुताबिक, शिवरामकृष्णन के जीवन के साथ पहली नस्लीय घटना तब हुई, जब वह केवल 14 वर्ष के थे। वह चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में भारतीय टीम के लिए नेट गेंदबाज के तौर पर शामिल हुए थे। अपनी जर्सी में ही वह स्टेडियम के एक छोटे से कमरे में कपड़े बदलने के लिए दौड़े, तभी एक वरिष्ठ भारतीय बल्लेबाज ने उन्हें पुकारा।



इस टिप्पणी से स्तब्ध शिवरामकृष्णन ने याद करते हुए कहा, 'मैंने बस उनकी ओर देखा और कहा- यह मेरा काम नहीं है, आप जो करना चाहते हैं वह करें।'

उन्होंने स्पष्ट किया कि उस वरिष्ठ खिलाड़ी ने उन्हें ग्राउंड स्टाफ समझ लिया था। शिवरामकृष्णन ने बताया, 'मुझे नहीं पता था कि नस्लवाद या रंग भेद क्या होता है। मैं बस सोच रहा था कि इस आदमी को इस तरह से प्रतिक्रिया क्यों करनी पड़ी।'

# गंभीर के नाम और तस्वीर के गलत इस्तेमाल पर हाईकोर्ट सख्त

**नई दिल्ली।** गौतम गंभीर के व्यक्तित्व अधिकारों की सुरक्षा को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण टिप्पणी की है।हाईकोर्ट ने बुधवार को कहा कि वह भारतीय क्रिकेट टीम के कोच गौतम गंभीर के व्यक्तित्व अधिकारों की रक्षा के लिए अंतरिम आदेश जारी करेगा।



### कोर्ट का आदेश और विभिन्न प्लेटफार्मों को निर्देश

न्यायाधीश ज्योति सिंह ने कहा कि वह एक ऐसा आदेश पारित करेंगी, जिसमें मेटा, गूगल और अमेजन सेलर्स को कंटेंट को हटाने का निर्देश दिया जाएगा। कोर्ट गूगल और मेटा से उन अपलोडर्स की बेसिक सब्सक्राइबर जानकारी और इंटरनेट प्रोटोकॉल (आईपी) लॉगिन की जानकारी भी देने के लिए कहेगा। गंभीर के वकील जय अनंत देहाद्राई ने कहा कि कई आपत्तिजनक लिंक हटाए जा चुके हैं, लेकिन उन्हें बार-बार शेयर किया जा रहा है। उन्होंने कोर्ट से डायनामिक इंजंक्शन की मांग की, ताकि भविष्य में भी ऐसे कंटेंट को तुरंत हटाया जा सके।

दिल्ली हाई कोर्ट ने बुधवार को भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर के व्यक्तित्व अधिकारों की सुरक्षा के लिए एक अंतरिम आदेश जारी करने की घोषणा की है। यह फैसला गंभीर द्वारा दायर एक याचिका पर आया है, जिसमें उन्होंने अपने नाम और छवि के दुरुपयोग को रोकने और व्यावसायिक लाभ और गलत सूचना फैलाने के लिए इस्तेमाल किए जा रहे कंटेंट को हटाने की मांग की थी।

**मामले की पृष्ठभूमि और गंभीर की याचिका:** गौतम गंभीर ने पहले अपनी अंतरिम याचिका की अर्जी वापस ले ली थी, ताकि वह अधिक और सटीक जानकारी के साथ एक नई अर्जी दाखिल कर सकें। सुनवाई के दौरान, न्यायाधीश ज्योति सिंह ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनीं और विवादित लिंक की अच्छे से जांच की। कोर्ट ने पाया कि गंभीर के व्यक्तित्व अधिकारों का उल्लंघन करने वाले कंटेंट विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफार्मों पर मौजूद हैं। इनमें एआई जनरेटेड डीपफेक और हेरफेर किए गए वीडियो शामिल हैं।

# साइप्रस शतरंज महासंघ ने कोनेरू हम्पी के फैसले पर उठाए सवाल



**नई दिल्ली।** साइप्रस शतरंज महासंघ के अध्यक्ष क्रिटन टोर्नारिटिस ने भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी की आलोचना की है। हम्पी ने पश्चिम एशिया में तनाव के चलते कैंडिडेट्स टूनार्मेंट से हटने का फैसला किया था।

साइप्रस शतरंज महासंघ (सीसीएफ) के प्रमुख क्रिटन टोर्नारिटिस ने भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी के प्रतिष्ठित कैंडिडेट्स टूनार्मेंट से हटने को गलत फैसला करार दिया है। उनका कहना है कि इस तरह के फैसले से निराधार चिंताएं फैलती हैं तथा यह खिलाड़ियों और आयोजकों दोनों के प्रति अनादर को दशार्ता है। सीसीएफ के अध्यक्ष टोर्नारिटिस ने क्षेत्र में सुरक्षा चिंताओं के कारण कैंडिडेट्स टूनार्मेंट से हटने के लिए भारत की दो बार के विश्व रैपिड चैंपियन हम्पी की कड़ी आलोचना की और कहा कि इस तरह के फैसले खेल को काफी नुकसान पहुंचाते हैं।

# नौ साल बाद लिवरपूल का साथ छोड़ेंगे फुटबॉलर सालाह

**लंदन।** सालाह के भविष्य को लेकर अब अटकलों का बाजार गर्म है। कई बड़े यूरोपीय क्लबों के उनसे संपर्क साधने की खबरें आ रही हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि वह किस क्लब के साथ जाते हैं और क्या वह अपनी पुरानी लय को फिर से हासिल कर पाते हैं। लिवरपूल के लिए, यह एक युग का अंत है और उन्हें अब इस बड़े नुकसान की भरपाई के लिए एक नई रणनीति बनानी होगी।

मिस्त्र के दिग्गज फुटबॉलर मोहम्मद सालाह ने लिवरपूल फुटबॉल क्लब को छोड़ने की घोषणा कर दी है। इस सीजन के अंत के साथ ही उनका लिवरपूल के साथ कॉन्ट्रैक्ट समाप्त हो जाएगा। उनके कॉन्ट्रैक्ट को रीन्यू नहीं किया जाएगा। इसकी घोषणा उनके साथ ही क्लब ने भी कर दी है। हालांकि, सवाल यह उठ रहे हैं कि सालाह लिवरपूल के अहम स्ट्राइकर माने जाते हैं। इसके बाद ऐसी क्या बात हो गई कि सालाह को उस टीम का साथ छोड़ना पड़ रहा है, जिसको लेकर उन्होंने कभी कहा था कि वह यहीं से रिटायरमेंट तक खेलना चाहते हैं। आइए जानते हैं...

मोहम्मद सालाह ने सोशल मीडिया के जरिए यह जानकारी दी। अपने भावुक वीडियो मैसेज में उन्होंने कहा कि वह चाहते थे कि उनके समर्थक यह खबर सीधे उनसे सुनें। उन्होंने इसे अपने फेयरवेल का पहला हिस्सा बताया, जो दशार्ता है कि आने वाले समय में और भी विदाई संदेश सामने आ सकते हैं।

सालाह के साथ क्या विवाद?

दरअसल, सालाह और लिवरपूल के बीच विवाद की शुरूआत दिसंबर 2025 से हुई। सालाह ने सीधे तौर पर मैनेजर आर्ने स्लॉट पर गंभीर आरोप लगाए। सालाह ने दावा किया कि क्लब ने उन्हें प्लेइंग-11 में मौका न देकर ऐसे अपमानित किया मानो कि बस के नीचे फेंक दिया है। यह बयान तब आया जब सलाह को लगातार तीन मैचों में बेंच पर बैठाया गया था। उन्होंने अपने योगदान को कमतर आंके जाने की बात कही, जिससे टीम के भीतर और सार्वजनिक रूप से एक तनावपूर्ण माहौल बन गया। इससे टीम के मनोबल पर भी असर पड़ा। इस बयान के लगभग तीन महीने बाद सालाह ने टीम छोड़ने का एलान कर दिया।



# शाकिब अल हसन की होगी वतन वापसी

**नई दिल्ली।** शाकिब अल हसन की वापसी पर चयन समिति प्रमुख हबीबुल बशर ने इच्छा जताई कि वे कम से कम 2027 विश्व कप तक टीम के लिए खेलें। हालांकि, अभ्यास की कमी के कारण शाकिब न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी सीरीज में शामिल नहीं होंगे, लेकिन भविष्य में उनकी वापसी पर विचार जारी है।

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की चयन समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष हबीबुल बशर ने कहा है कि वह चाहते हैं कि अनुभवी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन वापस वतन लौटकर कम से कम दो और वर्ष तक देश की तरफ से खेलें, जिसमें 2027 का वनडे विश्व कप भी शामिल है।



### बशर ने की शाकिब से वतन वापसी की गुजारिश

शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग पार्टी के सदस्य रहे 38 वर्षीय शाकिब अपनी सरकार के पतन के बाद अमेरिका चले गए थे और अंतरिम सरकार ने उन्हें देश का प्रतिनिधित्व करने से रोक दिया था। लेकिन इस साल की शुरूआत में नई सरकार के गठन के बाद पद संभालने वाले बशर चाहते हैं कि शाकिब वापस वतन लौटकर फिर से देश की तरफ से खेलें।

शाकिब ने संन्यास लेने से पहले अपने घरेलू मैदान पर अपना आखिरी टेस्ट खेलने की इच्छा व्यक्त की है, लेकिन बशर ने कहा कि यह दिग्गज क्रिकेटर अभी भी कम से कम दो साल और खेल सकता है। अगर वह अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो हम चाहेंगे कि वह लंबे समय तक अपना योगदान देते रहें और इसके लिए तैयारी बहुत महत्वपूर्ण है।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में नहीं होंगे शामिल

बशर ने कहा कि शाकिब की वापसी पर विचार किया जा रहा है, लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ 17 अप्रैल से शुरू होने वाली सीमित ओवरों की श्रृंखला में उन्हें टीम में रखना संभव नहीं हो पाएगा क्योंकि इसमें अब बहुत कम समय बचा है। उन्होंने कहा, 'न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में अब अधिक समय नहीं बचा है। मुझे पता नहीं है कि हाल में शाकिब ने कितनी क्रिकेट खेली है। उनके बारे में मैं जितना जानता हूं उसके आधार पर यह कह सकता हूं कि वह ऐसे खिलाड़ी नहीं है जो कल आकर ही खेलना शुरू कर दें।'

# पंजाब करेगा एशियन चैम्पियंस ट्रॉफी हॉकी की मेजबानी, लौटेगा हॉकी का रोमांच

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री भगवंत मान की घोषणा के अनुसार, पंजाब पहली बार एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूनार्मेंट की मेजबानी करेगा, जो अक्टूबर में मोहाली और जालंधर में आयोजित होगा। हॉकी इंडिया और एशियाई हॉकी महासंघ द्वारा स्वीकृत यह आयोजन, राज्य के लिए एक ऐतिहासिक खेल मील का पत्थर है, क्योंकि भारतीय हॉकी की नर्सरी में पहली बार कोई अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंट हो रहा है।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार को घोषणा की कि आगामी एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) इस वर्ष अक्टूबर में पंजाब में आयोजित की जाएगी। यह टूनार्मेंट मोहाली और जालंधर में खेला जाएगा। जालंधर में पिछली बार कोई बड़ा अंतरराष्ट्रीय आयोजन वर्ष 2006 में हुआ था, जब पाकिस्तान के खिलाफ एक हाई-प्रोफाइल टेस्ट मैच सुरजीत हॉकी स्टेडियम में खेला गया था। इस बार होने वाली एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी



अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) और एशियाई हॉकी महासंघ (एएचएफ) के तत्वावधान में पंजाब में आयोजित होने वाला पहला अंतरराष्ट्रीय हॉकी टूर्नामेंट होगा। टूनार्मेंट के स्थल तय कर दिए गए हैं, लेकिन इसकी तारीखों की घोषणा बाद में की जाएगी। उन्होंने बताया कि सोमवार को हॉकी इंडिया और एएचएफ के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई थी, जिसमें दिलीप टिर्की भी मौजूद थे। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने पीटीआई से कहा, इस साल एसीटी का आयोजन पंजाब में होगा। हमने यह टूनार्मेंट पंजाब को आवंटित किया है। यह एक ऐतिहासिक अवसर है क्योंकि भारतीय हॉकी कीपंजाब पहली बार किसी अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंट की मेजबानी करने जा रहा है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि जालंधर में 44 वर्षों के अंतराल के बाद राष्ट्रीय अंडर-13 बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा, जो राज्य के खेल ढांचे के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# राजस्थान रॉयल्स के 15000+ करोड़ में बिकने पर शेन वॉर्न के परिवार को फायदा!

जयपुर। शेन वॉर्न ने 2008 में राजस्थान रॉयल्स के साथ एक खास डील साइन किया था। इस डील के तहत वह जब तक इस फ्रेंचाइजी के लिए खेलते, तब तक उन्हें हर साल के लिए 0.75% हिस्सेदारी मिलती। वॉर्न ने फ्रैंचाइजी के लिए चार सीजन खेले, जिससे उनकी कुल हिस्सेदारी तीन प्रतिशत हो गई। यह राशि उनके परिवार को आईपीएल 2026 के बाद मिलेगी, बशर्ते बीसीसीआई इसे मंजूरी दे दे।

आईपीएल के लिए मंगलवार का दिन ऐतिहासिक रहा। दो फ्रेंचाइजी को लेकर दो बड़ी डीलों ने इस लीग की चमक को सातवें आसमान पर पहुंचा दिया। जहां एक तरफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का स्वामित्व बदल गया, वहीं अमेरिकी मूल के बिजनेसमैन काल सोमानी के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम ने राजस्थान रॉयल्स की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी 1.63 अरब डॉलर (करीब 15,290 करोड़ रुपये) में खरीद ली।



राजस्थान और काल सोमानी की डील के बाद अचानक दिवंगत क्रिकेटर शेन वॉर्न सुर्खियों में आ गए।

### एक क्लॉज की वजह से चर्चा में वॉर्न

ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के दिग्गज स्पिनर शेन वॉर्न, जो मैदान पर अपनी जादुई गेंदों के लिए जाने जाते थे, वह एक दूर की सोच रखने वाले शख्स भी थे। उन्हें सही समय पर सही दांव लगाने के लिए जाना जाता था।

2008 में आईपीएल के पहले सत्र में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान बनने पर, उन्होंने कथित तौर पर अपने अनुबंध में एक ऐसा क्लॉज शामिल किया था, जो लगभग दो दशक बाद उनके परिवार को एक बड़ी वित्तीय सौगात देने वाला है। यह क्लॉज तब एक्टिव हुआ जब राजस्थान रॉयल्स को काल सोमानी के नेतृत्व वाले एक अमेरिकी कंसोर्टियम ने 1.63 बिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 15,290 करोड़ रुपये) की भारी राशि में खरीदा। 2008 सीजन से पहले जब राजस्थान रॉयल्स ने वॉर्न को साइन किया था, तब उन्हें न केवल कप्तान की भूमिका सौंपी गई थी, बल्कि फ्रेंचाइजी में क्रिकेट संचालन का पूरा नियंत्रण भी दिया गया था।

इस सौदे के एक हिस्से के रूप में, दिवंगत ऑस्ट्रेलियाई आइकन को टीम के लिए खेले गए प्रत्येक वर्ष के लिए 0.75 प्रतिशत स्वामित्व हिस्सेदारी दी गई थी। शेन वॉर्न ने एक बार 'द हेराल्ड सन' को दिए इंटरव्यू में खुलासा किया था, 'मेरे डील का हिस्सा यह था कि उन्होंने मुझसे कप्तान, कोच बनने और अपनी मर्जी से एक क्रिकेट टीम चलाने के लिए कहा। यह एक 'वन-स्टॉप शॉप' था।'

### आईपीएल 2026 खत्म होने के बाद क्या होगा?

उनके परिवार को आईपीएल 2026 संस्करण के खत्म होने के बाद इस हिस्सेदारी को बेचने और पैसे घर ले जाने की इजाजत होगी। हालांकि राजस्थान और काल सोमानी के बीच डील को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से पुष्टि किया जाना बाकी है। यह फ्रेंचाइजी मूल रूप से 2008 में मनोज बडाले के नेतृत्व वाली इमर्जिंग मीडिया द्वारा मात्र 67 मिलियन अमेरिकी डॉलर में खरीदी गई थी। दुख की बात है कि शेन वॉर्न अब इस क्षण का हिस्सा बनने के लिए हमारे बीच नहीं हैं। वॉर्न का 2022 में निधन हो गया था।

### विरासत में मिली करोड़ों की दौलत

वॉर्न ने फ्रेंचाइजी के साथ चार सीजन बिताए, जिसमें 2008 में उद्घाटन सत्र में टीम को चैंपियन बनाना भी शामिल था। चार साल फ्रेंचाइजी के साथ रहने की वजह से और 0.75 प्रतिशत हर सीजन के स्वामित्व में उनकी कुल हिस्सेदारी बढ़कर तीन प्रतिशत हो गई। अब जब टीम 1.63 बिलियन अमेरिकी डॉलर में बेची गई है, तो वॉर्न की हिस्सेदारी का रकम तकरीबन 450-460 करोड़ रुपये हो गया है।

नई दिल्ली | दैनिक करंट क्राइम
06 | गुरुवार • 26 मार्च -2026

# गाजियाबाद आसपास




## जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक
# कार्मिकों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश
### सभी अधिकारी समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करें: अभिनव गोपाल





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में जनगणना 2027 के दृष्टिगत मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल तथा जिला जनगणना अधिकारी/एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना कार्य को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान सभी 51 विभागों के विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने विभाग के कार्मिकों की सूची शीघ्र उपलब्ध कराएं। उक्त कार्मिकों की ड्यूटी जनगणना के दौरान प्रगणक एवं सुपरवाइजर के रूप में लगाई जाएगी। अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए कि सूची तैयार करते समय योग्य एवं उपलब्ध कर्मचारियों का विवरण स्पष्ट रूप से अंकित किया जाए, ताकि जनगणना कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए। बैठक में जनगणना से संबंधित अन्य व्यवस्थाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई तथा सभी अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

## गरदासिल वैक्सीन अभियान का विधायक ने किया शुभारंभ



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भोजपुर में गरदासिल टीकाकरण अभियान का विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने विधिवत शुभारंभ किया। अभियान की शुरूआत एक बालिका को वैक्सीन लगाकर की गई तथा उसे बुके भेंट कर सम्मानित भी किया गया।

वैक्सीन विशेष रूप से 14 वर्ष से अधिक एवं 15 वर्ष से कम आयु की बालिकाओं के लिए लागू की गई है तथा अब यह टीकाकरण राज्य के स्वास्थ्य कार्यक्रम में भी शामिल हो चुका है, जिससे अधिक से अधिक बेटियों को इसका लाभ मिल सके। यह वैक्सीन महिलाओं में होने वाले गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से बचाव में अत्यंत प्रभावी है, जो भारत में महिलाओं में होने वाले सबसे आम कैंसरों में से एक है।

वर्तमान आंकड़ों के अनुसार, भारत में प्रति 1 लाख महिलाओं में लगभग 15-20 मामले देखने को मिलते हैं। यह वैक्सीन सभी बालिकाओं के लिए लाभकारी है, विशेषकर उन परिवारों के लिए जहां कैंसर की हिस्ट्री रही है। टीकाकरण के बाद लाभार्थी का डिजिटल सर्टिफिकेट भी उपलब्ध कराया जाएगा। डॉ मंजू शिवाच ने कहा कि हमारा उद्देश्य क्षेत्र की प्रत्येक बेटी को सुरक्षित, स्वस्थ और जागरूक बनाना है।

## नोएडा में हत्या के दो मामले में तीन लोगों को आजीवन कारावास



**नोएडा (करंट क्राइम)।** जनपद गौतमबुद्ध नगर के न्यायालय में हत्या के दो मामले में हुई सुनवाई के दौरान तीन लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। जानकारी के अनुसार ग्रेटर नोएडा के थाना ईकोटेक-तीन क्षेत्र में रहने वाले अतुल नामक एक युवक को वर्ष 2022 में दो भाइयों ने अगवा कर उसकी हत्या कर दी थी। मृतक आरोपियों की बहन से प्रेम करता था। आरोपी इससे खुश नहीं थे। इस मामले में अनिल पुत्र मानसिंह तथा संजय पुत्र मानसिंह को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इनके खिलाफ न्यायालय में चार्जशीट दायर की गई। शासकीय अधिवक्ता ब्रह्मजीत भाटी ने बताया कि इस मामले की सुनवाई जिला जल अतुल श्रीवास्तव की न्यायालय में चल रही थी। कोर्ट ने दोनों पक्षों के वकीलों की जिरह सुनी, गवाहों का बयान दर्ज किया, उसके बाद कोर्ट ने दोनों आरोपियों को दोषी पाते हुए आज आजीवन कारावास की सजा सुनाई। उन्होंने बताया कि आरोपियों को 20 हजार रुपए के अर्थदण्ड से भी दंडित किया गया है।

इसके अलावा दूसारे मामले में जनपद गौतमबुद्ध नगर के अपर जिला एवं सत्र न्यायालय की न्यायाधीश प्रतीक्षा नागर की अदालत ने हत्या के मामले में आरोपी बादलपुर निवासी विपिन बाल्मीकि को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। एडीजीसी क्राइम नितिन त्यागी ने बताया कि यह मामला थाना बादलपुर क्षेत्र का है। जहां 1 मार्च 2021 की शाम को जीटी रोड स्थित ओम स्वीट हाउस के सामने दीपक उर्फ चांद (24) की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई थी।

## राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में गाजियाबाद के खिलाड़ियों का दबदबा, झटके 7 पदक



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मेरठ के विद्या विश्वविद्यालय में युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय बालक-बालिका जूडो प्रतियोगिता में गाजियाबाद के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 7 पदक अपने नाम किए, जिससे खेल जगत और जिले में खुशी की लहर है। जिला जूडो एसोसिएशन के सह-सचिव संदीप यादव ने बताया कि इस प्रतियोगिता में गाजियाबाद की ओर से कुल 8 खिलाड़ियों ने दावेदारी पेश की थी। इनमें से लगभग हर खिलाड़ी पदक जीतने में सफल रहा: हर्ष कश्यप और नीरज वीरमान ने अपने भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर जिले को गौरवान्वित किया। शिवम कश्यप, दिव्या और कनिका ने कड़े मुकाबले के बाद रजत पदक हासिल किए। खुशी और जिज्ञासा ने बेहतर खेल दिखाते हुए कांस्य पदक पर कब्जा जमाया।

खिलाड़ियों की इस ऐतिहासिक सफलता पर जिला क्रीड़ा अधिकारी अभिषेक कुमार ने सभी विजेताओं को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद गाजियाबाद के युवाओं ने राज्य स्तर पर जो प्रदर्शन किया है, वह सराहनीय है। इस अवसर पर राष्ट्रीय जूडो खिलाड़ी यशपाल सिंह ने भी उपस्थित रहकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए टिप्स दिए। संदीप यादव, सह-सचिव, जिला जूडो एसोसिएशन ने कहा, 8 में से 7 खिलाड़ियों का पदक जीतना यह दशार्ता है कि गाजियाबाद में जूडो का भविष्य बेहद उज्ज्वल है।

## जानलेवा हमले का वांछित आरोपी गिरफ्तार, चाकू बरामद



**लोनी, करंट क्राइम।** ट्रोनिका सिटी एरिया में पुलिस ने जानलेवा हमले का एक फरार आरोपी को अरेस्ट किया है। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी इमरान उर्फ रोमियो मूल रूप से कासिम विहार थाना ट्रोनिका सिटी का रहने वाला है, फिलहाल वह श्रीराम कॉलोनी राजीव नगर करावल नगर दिल्ली में रह रहा है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक चाकू बरामद किया है।

एसीपी ने बताया कि पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि मुजाहिद व नाजिम उसके दोस्त थे 28 दिसंबर को पार्टी करने को लेकर उसकी कहासुनी हो गई थी जिसमें उसने गुस्से में आकर सब्जी काटने वाले चाकू से दोनों के पेट में वार कर दिया था तथा गाली- गलौज करते हुये जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गया था।

एसीपी ने बताया कि इस मामले मे पीड़ितों के परिजनों की ओर से नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस तभी से ही आरोपी को पकड़ने का प्रयास कर रही थी। एसीपी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को ट्रोनिका इलाके से अरेस्ट कर जेल भेज दिया है।

## नोएडा में महिलाओं की सुरक्षा को मजबूती, दो नए पिंक बूथ का उद्घाटन


सीपी ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस पिंक बूथ का किया उद्घाटन

**नोएडा (करंट क्राइम)।** जनपद गौतमबुद्ध नगर में प्रदेश सरकार के निर्देश पर महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, जागरूकता एवं त्वरित पुलिस सहायता के लिए चलाये जा रहे मिशन शक्ति-5.0 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम के तहत पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने बुधवार को थाना बिसरख क्षेत्र के गौर सिटी-2, नियर महागुन मायवुड्स सोसाइटी व चौकी क्षेत्र राइज चौक के अंतर्गत नियर इको विलेज-1 सोसाइटी में स्थित नवनिर्मित 2 पुलिस पिंक बूथ का उद्घाटन किया गया। कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में यह 28 और 29 पिंक बूथ है। यह पिंक बूथ ऐसे स्थानों पर स्थापित किए गए हैं जहां महिलाओं की आवाजाही अधिक रहती है।उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने कहा कि पुलिस पिंक बूथ का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध कराना है। इस बूथ पर महिला पुलिसकर्मी ही तैनात होगीं। जिससे शिकायत लेकर आने वाली महिलाओं को अपनी परेशानी बताने में किसी प्रकार की हिचक महसूस ना हो।

## मंडोला विहार योजना: इंसाफ न मिलने से हताश किसानों ने मांगी सामूहिक इच्छामृत्यु

**राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा**

**लोनी (गाजियाबाद)।** आवास विकास की मंडोला विहार योजना से प्रभावित किसानों का धैर्य अब जवाब दे रहा है। अपनी मांगों को लेकर पिछले 10 वर्षों से संघर्ष कर रहे किसानों ने प्रशासनिक उत्पीड़न और वादाखिलाफी से तंग आकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम लोनी एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है, जिसमें उन्होंने सामूहिक इच्छामृत्यु की अनुमति मांगी है।

किसान नेता नीरज त्यागी और महेंद्र सिंह त्यागी का आरोप है कि पीढ़ियों से रह रहे परिवारों की आबादी वाली भूमि को अधिकारियों ने 'अवैध' घोषित कर आवास विकास परिषद के नाम दर्ज कर दिया है। प्रभावित किसान वर्ष 2016 से उचित मुआवजे, 10% विकसित भूखंड और अपनी रिहायशी जमीन को अधिग्रहण मुक्त रखने की मांग को लेकर धरनारत हैं।

किसानों का दावा है कि समाधान निकालने के बजाय उन पर झूठे मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं और धरना स्थल खाली करने के लिए कानूनी नोटिस थमाए जा रहे हैं। पिछले वर्ष विरोध के बाद प्रशासन ने आबादी की भूमि पर परिषद का नाम दर्ज करने पर रोक लगाने का भरोसा दिया था, जिसे अब तोड़कर दोबारा ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की जा रही है। किसानों का कहना है कि जहां मानवाधिकारों का हनन हो और मालिकाना हक छीन लिया जाए, ऐसी व्यवस्था में रहने से बेहतर वे मृत्यु को गले लगाना चाहते हैं।

## नकारात्मक शक्तियों का होगा विनाश : श्रीमहंत नारायणगिरि महाराज के सानिध्य में यज्ञ अनुष्ठान
### दिल्ली गेट देवी मंदिर से निकाली जाएगी पंखा शोभा यात्रा : महंत गिरिशानन्द गिरि



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्राचीन सिद्ध पीठ देवी मंदिर में बुधवार को नवरात्र के सातवें दिन मां कालरात्रि की उपासना से हर भय से मिलती है मुक्ति। महंत गिरिशानन्द गिरी महाराज ने कहा कि नवरात्र के सातवें दिन मां कालरात्रि की उपासना का विधान है। मां की उपासना से सभी तरह की नकारात्मक शक्तियों का विनाश होता है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सिद्धपीठ दूधेश्वर नाथ मंदिर के मठाधीश एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा के श्रीमहंत नारायणगिरि महाराज के सानिध्य में नवरात्रि के 9 दिन तक लगातार यज्ञ पूजा अर्चना चल रही है। 26 मार्च को शहर में भव्य पंखा शोभायात्रा निकाली जाएगी। 27 मार्च को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें गाजियाबाद के भक्तगण साधु संत महात्मा भाग लेंगे जिसमें श्रीमहंत कन्हैया गिरि महाराज, थानापति महंत धर्मेंद्र गिरी जी महाराज ,महंत विजय गिरी जी महाराज, महंत अतुल गिरी जी महाराज, स्वामी रमेश गिरी जी, महंत आनंदेश्वर गिरी,महंत किशन गिरी, श्रीमहंत साध्वी डा गिरजा नंदनी गिरी जी महाराज बाबा रुप गिरि, विजय मित्तल, योगेंद्र सिंह, एस आर सुथार मीडिया प्रभारी, शिवकुमार, सतवीर चौधरी, राजीव अग्रवाल, महेंद्र शुक्ला, विनोद, सुनील नागर, दीपक शर्मा, रजनीश गर्ग विजय मित्तल आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहेंगे।

## नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाला गिरफ्तार



**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी बॉर्डर थाना एरिया में पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले एक तस्कर को अरेस्ट कर पोने दो किलो गांजा बरामद किया है। एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि पकड़ा गया तस्कर आदिल उर्फ पप्पी पुत्र नबाबुद्दीन आर्य नगर कब्रिस्तान के पास का रहने वाला है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह दिल्ली से चोरी छिपे गांजा और अन्य नशीले पदार्थों लोनी इलाके की कॉलोनियों में एजेंटों को सप्लाई करता है। जबकि गांजा की पुड़िया बनाकर कई मर्तबा वह स्वयं ही राह चलते लोगों को फुटकर भी बेच देता तस्कर ने बताया कि वह लाभ कमाने के उद्देश्य से तस्करी करता है। और इसी से उसका गुजारा होता है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ, केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।




## 23 वालों के फिर जल्द आएगा जोन बदलने वाला आदेश

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में टू-स्टारों की संख्या अपरा होती जा रही है। तो सिपाहियों की संख्या अब कम नजर आने लगी है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के लगभग 900 से अधिक की संख्या वाले 23 बैच के टू-स्टारों को लेकर जल्द ही बड़ी खबर आ सकती है। बताया जा रहा है कि पास वाले कमिश्नरेट में हो रहे एक इंटरनेशनल कार्यक्रम के बाद कभी भी 2023 बैच वाले टू-स्टारों के जोन बदलाव का लिखित आदेश जारी हो सकता है। अब सुनने में आ रहा है कि इसमें कुछ टू-स्टारों जो खास वर्क में एक्सपीरियंस रखते हैं उनको रोका जा सकता है। तो अन्य को दूसरे जोनों में भेजा जाएगा। अब पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि फिलहाल तो अभी कोई आदेश और निर्देश नहीं आया है लेकिन कुछ तेज तर्रार वाले 2023 बैच के जुगाडू टू-स्टार अपने जोन बदलवाने के इंतजाम में लग गए हैं। अब बताया तो यह भी जा रहा है कि जिन्होंने कभी चौकी पर नाम दर्ज कराया था, अब वह जोन वाले मामले में भी अपनी प्लानिंग को लेकर लग गए हैं। इन सबके बीच जानकारी मिली है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में आने वाले 15 दिनों के भीतर तीनों जोन के समीकरण बेहद बड़े स्तर पर बदलने वाले हैं। बताया जा रहा है जहां दो जोन के लिए डीसीपी के नाम बदले जा सकते हैं। तो वही चार से पांच एसीपी और एडीसीपी स्तर के अधिकारियों का भी बदलाव पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में संभव होना है। तो वहीं जोन बदलने के बाद कई 2023 बैच वाले टू-स्टार की थानों के प्रभारी और चौकी पर भी तालमेल बैठाने के लिए अप्रैल वाली गर्मी में पसीना बहाना होगा। बताया जा रहा है कि कई लोग ऐसे हैं, जो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में जिस जोन में ट्रेनिंग पर गए थे, उसी जोन में तैनात हैं। जिसकी वजह से आने वाले दिनों में 23 बैच के टू-स्टारों को बड़े स्तर पर बताई जा रही है। इन सबके बीच जानकारी यह है कि 15 बैच वाले जो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अभी भी जमे हुए हैं, जिनको जाना तो कहीं और था लेकिन उनका ताला कमिश्नरेट में लॉक हो गया है। उनको भी अनलॉक किया जा सकता है। इसमें कुछ चेहरे ऐसे हैं जो अभी से बराबर वाले कमिश्नरेट में जुगाड़ लगाने के लिए भी जुट गए हैं। कुल मिलाकर देखना होगा कि बड़े कार्यक्रम के बाद किस जोन में 23 बैच वाले टू-स्टारों को भेजा जाता है।



## लोनी डबल मर्डर : आरोपी पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज
### गिरफ्तारी के लिए पुलिस की 4 टीमें गठित, सीसीटीवी खंगाले


शबनम (36 वर्ष) और फहीम (32 वर्ष)

**फोलो अप**

**लोनी, करंट क्राइम।** ट्रॉनिका सिटी इलाके की पूजा कॉलोनी में हुए मंगलवार रात डबल मर्डर में मृतक फहीम के पिता ने आरोपी राशिद के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की चार टीमें तैनात की गई है घटना स्थल के आसपास पुलिस ने 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों को खंगाला है कुछ अहम सुराग भी पुलिस के हाथ लगे हैं जल्द ही हत्यारे को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

गौरतलब है कि ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र की पूजा कालोनी स्थित बुद्ध बाजार मोहल्ले में मंगलवार देर रात हुए दोहरे हत्याकांड ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया था। एक ही घर के अंदर महिला और युवक के खून से लथपथ शव मिलने से जहां सनसनी फैल गई, थी वहीं घटना के पीछे रिश्तों में शक और अवैध संबंधों की कहानी सामने आने से मामला और भी गंभीर हो गया था।

मकान के भीतर शबनम (36 वर्ष) और फहीम (32 वर्ष) के शव पड़े थे। दोनों की मौत हो चुकी थी और आसपास खून के निशान घटना की भयावहता बयान कर रहे थे। मृतका शबनम, मकान मालिक राशिद की पत्नी थी, जबकि मृतक फहीम राशिद का करीबी दोस्त बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों और परिजनों से पूछताछ में यह तथ्य उभरकर आया था कि शबनम और फहीम के बीच कथित संबंध थे, जिसे लेकर राशिद अक्सर विरोध करता था। इसी शक और तनाव ने आखिरकार हिंसक रूप ले लिया और आरोप है कि राशिद ने दोनों की बेरहमी से हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। पुलिस आरोपी राशिद की गिरफ्तारी के लिए तकनीकी प्रक्रिया व अन्य सूत्रों से जुटी हुई है।

## इस्लामिक ताकतें बढ़ीं तो होगा एनकाउंटर करने वालों का एनकाउंटर : महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर व श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी महाराज ने अपने शिष्यों यति अभयानंद,अनिल यादव और मोहित बजरंगी के साथ एक वीडियो जारी किया जिसमें हिंदुओं को बताया कि ओवैसी की पार्टी का शौकत अली बिल्कुल सच बोल रहा है और तथाकथित हिंदूवादी झूठ बोल रहे हैं। जिस दिन इस्लामिक ताकतें मजबूत होंगी उस दिन वो पक्के तौर पर एनकाउंटर करने वालों का एनकाउंटर करेंगी और साथ में सभी निर्दोष हिंदू भी मारे जाएंगे।

उन्होंने कहा कि सरकार ने मुसलमान माफियाओं का एनकाउंटर तो किया लेकिन इस्लामिक ताकतों को रोकने के लिए कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया और अब उनकी ताकत इतनी बढ़ गई है कि वो एक दिन योगी आदित्यनाथ का भी एनकाउंटर कर देंगे। इनको रोकने के लिए जनसंख्या नियंत्रण कानून बनना चाहिए था परंतु ये नहीं किया गया और अब इन्हें रोकना संभव नहीं है।

## एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के छात्रों का सोफकॉन इंडिया में औद्योगिक भ्रमण






**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (डिप्लोमा) के छात्रों के लिए सोफकॉन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस शैक्षणिक दौरे में सिविल, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल और कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कंपनी पहुंचने पर बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर जया नितेश ने छात्रों का स्वागत किया और उन्हें कंपनी के विभिन्न विभागों का दौरा कराया। इस दौरान छात्रों को इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन, कंट्रोल सिस्टम, एम्बेडेड टेक्नोलॉजी और आधुनिक इंडस्ट्री में इस्तेमाल होने वाली नई तकनीकों के बारे में आसान भाषा में जानकारी दी गई।

छात्रों को रियल-टाइम प्रोजेक्ट्स और इंडस्ट्रियल एप्लिकेशन के बारे में बताया गया, जिससे उन्हें यह समझने का मौका मिला कि इंडस्ट्री में काम कैसे होता है। साथ ही, स्किल डेवलपमेंट और ट्रेनिंग के महत्व पर भी जोर दिया गया। इस औद्योगिक भ्रमण के जरिए छात्रों को इंडस्ट्री का वास्तविक माहौल देखने और करियर के नए अवसरों को समझने का मौका मिला। यह अनुभव उनके अकादमिक ज्ञान को और मजबूत बनाने में मददगार साबित हुआ। विश्वविद्यालय के चांसलर महेंद्र अग्रवाल ने ऐसे भ्रमणों की सराहना करते हुए कहा कि इससे छात्रों को उद्योग से जुड़ने का बेहतर अवसर मिलता है। वहीं, प्रो-चांसलर पियूष श्रीवास्तव ने इसे स्किल डेवलपमेंट की दिशा में अहम कदम बताया। वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार ने कहा कि इस तरह के इंडस्ट्रियल विजिट से छात्रों का तकनीकी ज्ञान बढ़ता है और वे भविष्य के लिए बेहतर तैयार होते हैं। डायरेक्टर प्रो. (डॉ.) जयदीप कुमार ने भी इसे छात्रों के लिए उपयोगी और ज्ञानवर्धक बताया। यह औद्योगिक भ्रमण विश्वविद्यालय की उस सोच को दर्शाता है, जिसमें पढ़ाई के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव और इंडस्ट्री से जुड़ाव पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

## एसआरएम में महिला स्वास्थ्य जागरूकता पर विशेषज्ञ व्याख्यान एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** एसआरएम कॉलेज ऑफ फार्मेसी, एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में महादेव लाल श्रॉफ ऑडिटोरियम, फार्मेसी ब्लॉक में महिला स्वास्थ्य विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान किया गया। यह कार्यक्रम विशेष रूप से छात्राओं के लिए आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य महिला स्वास्थ्य एवं निवारक देखभाल के प्रति जागरूकता फैलाना था।

कार्यक्रम में मेदांता अस्पताल के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों ने भाग लिया, जिनमें डॉ. वी. सीनू, निदेशक (ब्रेस्ट एवं एंडोक्राइन सर्जरी) तथा डॉ. प्रिया बंसल, वरिष्ठ सलाहकार (स्त्री रोग एवं स्त्री कैंसर विशेषज्ञ) शामिल थीं। दोपहर में ऑडिटोरियम के निकट नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी आयोजित किया गया। डॉ. वी. सीनू ने स्तन स्वास्थ्य, स्तन कैंसर की प्रारंभिक पहचान व आधुनिक न्यूनतम आक्रामक एवं रोबोटिक सर्जरी के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। डॉ. प्रिया बंसल ने महिला प्रजनन स्वास्थ्य, स्त्री रोग संबंधी कैंसर तथा निवारक ऑन्कोलॉजी से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन संकाय सदस्य नेहा श्रीवास्तव (फार्मेसी विभाग) एवं डॉ. रोली गुप्ता (सीएसई विभाग) द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. जयेन्द्र कुमार ने डॉ. वी. सीनू, निदेशक (ब्रेस्ट एवं एंडोक्राइन सर्जरी) तथा डॉ. प्रिया बंसल, वरिष्ठ सलाहकार (स्त्री रोग एवं स्त्री कैंसर विशेषज्ञ) का स्वागत करते हुए महिला स्वास्थ्य के लिए नियमित जांच और जागरूकता के महत्व पर विशेष जोर दिया।

## पोस्ट ऑफ द डे
प्रस्तुति करंट क्राइम

**ममता बसंत त्यागी** is with **Basantt Tyagi.**
3h

नमस्कार 🙏 आपका दिन मंगलमय हो यही हमारी मनोकामना है माता रानी से जय माता दी 🙏💐



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चैत्र नवरात्र के पावन पर्व में गाजियाबाद की जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी और उनके पति तथा प्रदेश मंत्री बसंत त्यागी मां वैष्णो देवी की यात्रा पर हैं। बसंत त्यागी और ममता त्यागी ने नवरात्र की शुभकामनायें देते हुए तीर्थ नगरी मां वैष्णो देवी धाम से इस पोस्ट को साझा किया। सभी के मंगलमय दिन की कामना की। जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी और भाजपा के प्रदेश मंत्री बसंत त्यागी की ये पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

## ईरान की नौसेना का बड़ा दावा: अमेरिका पर दागीं मिसाइलें

# सबसे ताकतवर युद्धपोत अब्राहम लिंकन को बनाया निशाना

**तेहरान।** ईरान ने दावा किया है कि उसने अमेरिकी युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन को मिसाइल से निशाना बनाया है, हालांकि अमेरिका ने इसकी पुष्टि नहीं की है। दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। साथ ही ये भी जानेंगे कि अब्राहम लिंकन युद्धपोत कितना ताकतवर है।

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच ईरान ने बड़ा दावा करते हुए कहा है कि उसने अमेरिका के सबसे ताकतवर युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन को मिसाइलों से निशाना बनाया है। ईरान का कहना है कि उसके तटीय क्रूज मिसाइलों ने समुद्र में तैनात इस युद्धपोत को टारगेट किया। इस दावे ने पहले से ही तनावपूर्ण हालात को और ज्यादा गंभीर बना दिया है। हालांकि इस हमले को लेकर अमेरिका की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

ईरान की सेना के मुताबिक युद्ध के 26वें दिन यह कार्रवाई की गई। ईरानी नौसेना ने कहा कि अब्राहम लिंकन लगातार उसकी निगरानी में था और जैसे ही वह मिसाइल की रेंज में आया, उसे निशाना बनाया गया। ईरान ने साफ किया है कि वह अमेरिका के हर कदम पर नजर रखे हुए है और जरूरत पड़ने पर जवाबी कार्रवाई जारी रखेगा। इस बीच पाकिस्तान ने अमेरिका के युद्धविराम प्रस्ताव को ईरान तक पहुंचाया है, लेकिन तेहरान ने बातचीत के संकेतों को खारिज कर दिया है।



### अब्राहम लिंकन विमानवाहक युद्धपोत कितना ताकतवर

अमेरिका की नौसेना का एक परमाणु ऊर्जा से चलने वाला विमानवाहक युद्धपोत है। यह दुनिया के सबसे शक्तिशाली सैन्य जहाजों में गिना जाता है और अमेरिकी नौसेना की ताकत का बड़ा प्रतीक है।



**क्या सच में अमेरिकी युद्धपोत को निशाना बनाया गया**

ईरान का दावा है कि उसने सफलतापूर्वक हमला किया, लेकिन अमेरिका की तरफ से इस पर कोई पुष्टि नहीं आई है। ऐसे में इस दावे की सच्चाई को लेकर सवाल बने हुए हैं। हालांकि यह साफ है कि दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर है और सैन्य गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं।

**इस्राइल और अमेरिका का क्या है रुख**

इस्राइल ने साफ कहा है कि वह ईरान के खिलाफ अपनी कार्रवाई जारी रखेगा जब तक खतरा पूरी तरह खत्म नहीं हो जाता। भारत में इस्राइल के राजदूत ने भी चेतावनी दी है कि अगर ईरान नहीं रुका तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। अमेरिका भी ईरान पर दबाव बनाए हुए है, हालांकि ट्रंप ने हाल में कुछ नरमी के संकेत भी दिए हैं। ईरान के नेताओं ने कहा है कि वे क्षेत्र में अमेरिका की हर गतिविधि पर नजर रख रहे हैं।संसद अध्यक्ष ने चेतावनी दी है कि किसी भी गलत आकलन का जवाब कड़ा होगा। ईरान ने यह भी कहा कि वह अपनी सुरक्षा और क्षेत्रीय हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह तैयार है। इन हालातों के बीच पश्चिम एशिया में शांति की संभावना फिलहाल कमजोर नजर आ रही है।

### क्या है इसकी खासियत?

- यह निमिट्ज क्लास का एयरक्राफ्ट कैरियर है।
- परमाणु ऊर्जा से चलता है, इसलिए इसे बार-बार ईंधन भरने की जरूरत नहीं होती।
- यह लगभग 90 से ज्यादा लड़ाकू विमान और हेलीकॉप्टर ले जा सकता है।
- एक छोटे शहर जितना बड़ा, इसमें करीब 5000 से ज्यादा क्रू मेंबर रहते हैं।

### कैसे करता है काम?

- यह समुद्र में चलते-चलते ही फाइटर जेट लॉन्च और लैंड कर सकता है।
- इसमें F/A-18 जैसे लड़ाकू विमान, हेलीकॉप्टर और निगरानी विमान तैनात होते हैं।
- युद्ध के समय यह हमला, निगरानी और सुरक्षा तीनों काम करता है।

## शांति वार्ता के बीच ट्रंप को ईरान से मिला तेल - गैस से जुड़ा तोहफा

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के साथ युद्धविराम की बातचीत होने का दावा कर रहे हैं। वहीं ईरान की सेना की तरफ से इससे इनकार किया गया है। इस बीच ट्रंप ने कहा है कि उन्हें ईरान की तरफ से एक खास और महंगा तोहफा मिला है।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को एक चौंकाने वाला बयान दिया। ईरान के साथ युद्धविराम पर बातचीत की चर्चाओं के बीच ट्रंप ने कहा है कि ईरान ने उन्हें एक बहुत बड़ा और काफी कीमती तोहफा भेजा है। हालांकि उन्होंने इस तोहफे के बारे में कोई जानकारी नहीं दी और सिर्फ इतना कहा कि ये तोहफा तेल और गैस से जुड़ा है। ट्रंप जहां ईरान के साथ बातचीत का दावा कर रहे हैं, वहीं ईरान की सेना अमेरिका के साथ किसी भी बातचीत से इनकार कर रही है।

दरअसल मंगलवार को व्हाइट हाउस में मीडिया से बातचीत के दौरान ट्रंप से पूछा गया कि ईरान की तरफ से जो लोग युद्धविराम पर बातचीत कर रहे हैं, क्या उन्हें उन पर विश्वास है?



इसके जवाब में ट्रंप ने कहा, वे किसी पर विश्वास नहीं करते, लेकिन उन्होंने ईरान से एक तोहफा मिलने का संकेत दिया। जिसके आधार पर ट्रंप ने कहा कि वे सही लोगों से बात कर रहे हैं।

**ट्रंप को मिला तोहफा तेल और गैस से जुड़ा**

ट्रंप ने कहा, 'उन्होंने हमें एक तोहफा दिया है और वो तोहफा आज पहुंच गया है। यह एक बड़ा तोहफा है, जिसकी बहुत ज्यादा कीमत है, लेकिन मैं आपको ये नहीं बताने वाला हूं कि वह क्या है, लेकिन ये एक खास तोहफा है।' ट्रंप ने बताया कि यह तोहफा तेल और गैस से जुड़ा है। इसके अलावा ट्रंप ने ज्यादा जानकारी देने से इनकार कर दिया।

## जब तक हम नहीं चाहेंगे, तब तक कोई भी स्थिति अपने पुराने हाल में वापस नहीं लौटेगी: ईरान ने दी चेतावनी

**तेहरान।** आईआरजीसी के प्रवक्ता ने अमेरिका को चेतावनी दी है कि जब तक वह न चाहे, तब तक क्षेत्र में तब तक पुरानी स्थिति बहाल नहीं हो सकती। प्रवक्ता ने कहा कि अब क्षेत्र में अमेरिकी निवेश की कोई खबर नहीं मिलेगी।

पश्चिम एशिया में जारी संकट गहराता जा रहा है। इस बीच, ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने बुधवार को एक बार फिर अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि जारी संघर्ष में हो रहे घटनाक्रम को कूटनीतिक कामयाबी के रूप में पेश न किया जाए। उन्होंने कहा, अपनी हार को समझौता न कहो। जब वह नहीं चाहेंगे, तब तक कोई भी पुरानी स्थिति बहाल नहीं हो पाएगी।

**ईरानी सैन्य मुख्यालय के प्रवक्ता ने क्या कहा:** आईआरजीसी के खातम अल-अनबिया केंद्रीय



मुख्यालय (केएसीएचक्यू) के प्रवक्ता ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा, अपनी हार को समझौता मत कहो। उन्होंने कहा, अब क्षेत्र में आपके निवेश की कोई खबर नहीं होगी और न ही आपको उर्जा व तेल के पहले जैसे दाम देखने को मिलेंगे। यह बयान ऐसे समय में आया है, जब ईरान, अमेरिका और इस्राइल के बीच टकराव लगातार बढ़ रहा है। एक ओर सैन्य गतिविधियां तेज हो रही हैं। आईआरजीसी के प्रवक्ता ने क्षेत्र के देशों से अपील की कि वे अमेरिका, यहूदी राष्ट्रवादी (जायनिस्ट) शासन के खिलाफ एकजुट हों।

उन्होंने अमेरिकी की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए कहा, हमें किसी दूर बैठे ऐसे देश की जरूरत नहीं, जो इस्राइल को प्राथमिकता देता है और आपको जानवरों की तरह समझता है। उन्होंने यह भी सवाल किया कि क्या अमेरिका वास्तव में क्षेत्र के देशों की सुरक्षा के लिए आगे आएगा। उन्होंने कहा, क्या अमेरिकी आपकी रक्षा में एक भी गोली चलाएंगे?

**केएसीएचक्यू क्या है:** केएसीएचक्यू सीधे ईरान के सर्वोच्च नेता के अधीन है और यह इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईजीसी) व ईरानी सेना के बीच परिचालन में तालमेल बनाने व नियंत्रण का काम करता है।

आईआरजीसी के प्रवक्ता की ये टिप्पणियां ईरान की व्यापक रणनीति को दर्शाती हैं, जिसमें वह इस टकराव को बड़े भू-राजनीतिक संघर्ष के रूप में पेश कर रहा है और इस्लामी देशों से एकजुट होने की अपील कर रहा है। ईरान ने अमेरिका से बातचीत से इनकार किया है।

### कभी मेल बैलेट के विरोधी रहे ट्रंप ने खुद इसी से किया मतदान

**वॉशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रंप ने फ्लोरिडा चुनाव में खुद मेल से वोट डाला है, जबकि वे इस व्यवस्था को धोखाधड़ी बताकर इसे खत्म करने की मांग कर रहे हैं। विपक्षी नेताओं ने इसे ट्रंप का दोहरा व्यवहार कहा है। वहीं, ट्रंप समर्थित उम्मीदवार इस चुनाव में हार गए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर फ्लोरिडा में मेल बैलेट के जरिए अपना वोट डाला है। जबकि वे सार्वजनिक रूप से इस मतदान तरीके को धोखाधड़ी का जरिया बताते हैं और कांग्रेस से इसे सीमित करने की मांग कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ उन्होंने खुद इसी तरीके का इस्तेमाल किया। पाम बीच काउंटी के रिकॉर्ड से पता चला है कि राष्ट्रपति ने मंगलवार को राज्य विधानसभा सीटों के लिए हुए विशेष चुनाव में मेल से वोट दिया और उनके वोट की गिनती भी हो गई है। ट्रंप के समर्थन के बावजूद उनके रिपब्लिकन उम्मीदवार यहां से चुनाव हार गए है।

## अमेरिका से कोई शांति वार्ता नहीं: ईरानी राजदूत

**इस्लामाबाद।** ईरान ने अमेरिका के साथ किसी भी शांति वार्ता से इनकार करते हुए कहा कि मौजूदा जंग अमेरिका की धोखेबाजी का नतीजा है। राष्ट्रपति ट्रंप के बातचीत के दावे को ईरान ने खारिज कर दिया है। इस्राइल ने भी किसी वार्ता की जानकारी से इनकार करते हुए सैन्य कार्रवाई जारी रखने की बात कही है।

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच ईरान ने साफ कर दिया है कि अमेरिका के साथ किसी भी तरह की शांति वार्ता नहीं चल रही है। पाकिस्तान में ईरान के राजदूत रजा अमीरी मोगदम के इस बयान ने उस समय स्थिति को और उलझा दिया, जब अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया था कि दोनों देशों के बीच बातचीत चल रही है और युद्ध जल्द खत्म हो सकता है। ईरान के इस सख्त रुख से साफ है कि हालात अभी सामान्य होने से दूर हैं।

ईरानी राजदूत ने कहा कि वॉशिंगटन और तेहरान के बीच कोई बातचीत नहीं हो रही है। उन्होंने यह



भी कहा कि मौजूदा युद्ध अमेरिका की धोखेबाजी का नतीजा है। यानी पहले जो बातचीत की कोशिशें थीं, उन्हें अमेरिका ने तोड़ा और अब हालात युद्ध तक पहुंच गए हैं। दूसरी ओर इस्राइल ने भी किसी शांति वार्ता की जानकारी से इनकार किया है और साफ कहा है कि सैन्य कार्रवाई अभी जारी रहेगी।

### क्या सच में शांति वार्ता चल रही है

ईरान के बयान ने ट्रंप के दावे को सीधे तौर पर खारिज कर दिया है। ट्रंप ने कहा था कि बातचीत चल रही है और ईरान समझौता करना चाहता है। लेकिन ईरान ने साफ कहा कि ऐसी कोई बातचीत नहीं हो रही। इससे यह साफ हो गया है कि दोनों पक्षों के बयान अलग-अलग हैं और जमीनी हकीकत अभी भी टकराव की ही है।

**इस्राइल का क्या है रुख**

इस्राइल के संयुक्त राष्ट्र में राजदूत डैनी डैनन ने कहा कि उन्हें किसी बातचीत की जानकारी नहीं है और इस्राइल का लक्ष्य साफ है कि ईरान परमाणु क्षमता हासिल न कर सके। उन्होंने कहा कि इस्राइल और अमेरिका मिलकर ईरान के सैन्य ठिकानों पर हमले कर रहे हैं और यह अभियान जारी रहेगा। इस्राइल का दावा है कि उसने ईरान को काफी कमजोर कर दिया है और आगे भी दबाव बनाए रखा जाएगा।

ट्रंप ने दावा किया कि ईरान की सैन्य ताकत लगभग खत्म हो चुकी है और अमेरिका के विमान तेहरान के ऊपर उड़ान भर रहे हैं।

## रूसी रक्षा मंत्रालय का दावा- मार गिराए 389 यूक्रेनी ड्रोन, 13 क्षेत्रों को बनाया था निशाना

**मॉस्को।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष ने दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। लेकिन रूस यूक्रेन युद्ध की तीव्रता कम नहीं हुई है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने यूक्रेन के 389 ड्रोन को मार गिराने का दावा किया है।



रूस के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को दावा किया कि उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने यूक्रेन के 389 ड्रोन मार गिराए। मंत्रालय ने बताया कि रूस के विभिन्न इलाकों और क्रीमिया पर रात के समय हमला हुआ। यूक्रेन के खिलाफ युद्ध शुरू होने के चार साल बाद यह सबसे बड़ा ड्रोन हमला बताया जा रहा है।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रूस के 13 क्षेत्रों और क्रीमिया प्रायद्वीप के ऊपर इन हमलों को रोका गया। क्रीमिया पर रूस ने 2014 में कब्जा कर लिया था और इसे अपने में मिला लिया था। इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गैरकानूनी माना जाता है। यह हमला दिखाता है कि यूक्रेन ने अपने देश में ही लंबी दूरी तक मार करने वाले ड्रोन बनाने की क्षमता काफी बढ़ा ली है।

**पहले रूस ने किए मिसाइल और ड्रोन हमले**

इससे एक दिन पहले रूस ने यूक्रेन के नागरिक इलाकों को निशाना बनाया था। जिसमें 24 घंटे के भीतर करीब एक हजार ड्रोन और 34 मिसाइल दागी गईं। हमला आमतौर पर रात के वक्त होता है। लेकिन इस बार दिन में भी जारी रहा। यह युद्ध शुरू होने के बाद से सबसे बड़े हवाई हमलों में से एक था।

**रूसी हमले में छह लोगों की मौत, 50 घायल**

यूक्रेनी अधिकारियों के मुताबिक, इन हमलों में छह लोगों की मौत हुई और करीब 50 लोग घायल हुए। मॉस्को के उत्तर में लेनिनग्राद क्षेत्र के गवर्नर अलेक्जेंडर द्रोजदेंको ने बताया कि वहा 56 ड्रोन मार गिराए गए।

यूक्रेन की सेना ने रात के समय रूस के बेलगोरोद क्षेत्र पर मिसाइल हमला भी किया। यह क्षेत्र यूक्रेन से सटा हुआ है। वहां के गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लाडकोव के मुताबिक, इस हमले में उर्जा ढांचे को नुकसान पहुंचा और बिजली, पानी आदि की आपूर्ति बाधित हुई। रूस ने मंगलवार को यूक्रेन पर अलग-अलग प्रकार के 948 ड्रोन दागे थे।

## पाकिस्तान में हुआ ट्रेन हादसा, तेजगाम एक्सप्रेस की 5 बोगियां पटरी से उतरीं, 26 यात्री घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बड़ा रेल हादसा हुआ है। दरअसल, लाहौर से कराची जा रही तेजगाम एक्सप्रेस की 5 बोगियां पटरी से उतर गईं। इस हादसे में 26 लोग घायल हुए हैं। पुलिस वालों ने कड़ी मशक्कत से सभी यात्रियों को खिड़कियां और दरवाजे काटकर सुरक्षित बाहर निकाला।

पाकिस्तान में बड़ा ट्रेन हादसा हुआ है। लाहौर से कराची जा रही तेजगाम एक्सप्रेस की 5 बोगियां पटरी से उतर गईं. यह हादसा बहावलपुर-लोधरां सेक्शन के बीच आदम वाहन रेलवे स्टेशन के पास हुआ है। जानकारी के मुताबिक, इस दुर्घटना में 26 लोग घायल हुए हैं।

**देर रात मची अफरा-तफरी**

हादसे की सूचना मिलते ही लोधरां के डिप्टी कमिश्नर अब्दुल हफीज, एडिशनल डिप्टी कमिश्नर लियाकत गिलानी मौके पर पहुंच गए। अंधेरे में राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया। पलटी हुई बोगियों में कई यात्री फंस गए थे। पुलिस वालों ने कड़ी मशक्कत से सभी यात्रियों को खिड़कियां और दरवाजे काटकर सुरक्षित बाहर निकाला। गनीमत यह रही कि इस पूरे हादसे में अब तक किसी की जान जाने की खबर नहीं है।



**9 लोग गंभीर रूप से घायल**

लोधरां रेस्क्यू 1122 के मुहम्मद सफदर ने कहा कि कुल 26 यात्री घायल हुए हैं। 17 यात्रियों को मौके पर ही प्राथमिक उपचार देकर छुट्टी दे दी गई। हालांकि, एक महिला समते नौ गंभीर घायलों को लोधरां के जिला मुख्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से एक यात्री की हालत नाजुक बनी हुई है।

### डिब्बों को जोड़ने वाला 'कपलर' अचानक टूट गया

पाकिस्तान रेलवे ने फिलहाल हादसे के कारणों पर चुप्पी साधी हुई है। हालांकि, जांच के आदेश दे दिए गए हैं। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि ट्रेन के दो डिब्बों को जोड़ने वाला 'कपलर' अचानक टूट गया, जिससे ट्रेन दो हिस्सों में बंट गई। इंजन के साथ लगे पांच डिब्बे पूरी तरह पलट गए।

### टोक्यो में चीनी दूतावास में घुसने के आरोप में जापानी सैनिक गिरफ्तार

**टोक्यो।** टोक्यो में एक जापानी सैनिक को चीनी दूतावास की दीवार फांदकर अंदर घुसने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इस सुरक्षा चूक पर चीन ने कड़ा विरोध जताते हुए जापान से जवाब मांगा है।

**नवरात्र हवन**



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** प्राचीन सिद्ध श्री देवी मंदिर में चैत्र नवरात्र महोत्सव पर मां देवी का पावन पवित्र हवन होता है। सप्तम नवरात्र के अवसर पर श्री महंत डा. गिरिजा नंदनी गिरी ने मां कालरात्रि की आराधना करते हुए, अनुष्ठान करते हुए मां को आहूति अर्पित की। देवी मंदिर में लगातर नवरात्र में यह पावन हवन चलता है। मंदिर के मुख्य महंत गिरीशानंद गिरी इस हवन अनुष्ठान में प्रमुख रूप से भाग लेते हैं। देवी मंदिर में नवरात्र महोत्सव के अवसर पर होने वाले इस अनुष्ठान में हजारों श्रद्धालु भी आते हैं।

**आरडब्ल्यूए चुनाव**



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बीएम रेजिडेन्सी सोसायटी के आरडब्ल्यूए का चुनाव 29 को होगा। रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान कराया जायेगा और फिर मतगणना होगी। यहां रोहित दीक्षित का पैनल लड़ेगा और अभी अन्य नाम भी आयेंगे। यहां पर चुनाव में उतरने वाले चेहरों में शोभित मित्तल, विकास शर्मा, रोहित गुप्ता, अनुभव शर्मा, अभिषेक सिंह, कोमल देवी, प्रकाश रंजन, शबनम खान, प्राची, उपेन्द्र , राजेश गुप्ता सहित कई नाम हैं। सोसायटी में बुधवार की शाम को बैठक हुई है और इसी के साथ चुनावी तैयारी का बिगुल बज गया है।

## बांग्लादेश की पूर्व पीएम हसीना ने यूनुस पर साधा निशाना

### बोलीं: अंतरिम सरकार ने किया बलिदानियों के खून का अपमान

**ढाका।** 25 मार्च को 'नरसंहार दिवस' के अवसर पर पूर्व पीएम शेख हसीना ने मोहम्मद यूनुस को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने यूनुस पर 1971 के शहीदों के बलिदान का अपमान करने का गंभीर आरोप लगाया है। हसीना ने कहा कि जिस 'काली रात' में पाकिस्तानी सेना ने लाखों बंगालियों का कत्लेआम किया, उस नरसंहार के दोषियों को रिहा कर राजनीति में पुनर्वासित किया गया। उन्होंने चेतावनी दी कि मुक्ति संग्राम के इतिहास को मिटाकर देश पर फिर से पुरानी पाकिस्तानी विचारधारा थोपने की साजिश रची जा रही है।

बांग्लादेश में 25 मार्च को 'नरसंहार दिवस' के रूप में मनाया जा रहा है। हालांकि, इस बीच देश की राजनीति में उबाल आ गया है। दरअसल, पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने यूनुस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। हसीना ने कहा है कि जिस देश को लाखों शहीदों के खून से सींचा गया, वहां 1971 के नरसंहार के दोषियों को पुनर्वासित करने की साजिश रची जा रही है।



**25 मार्च की वो 'काली रात'**

अवामी लीग के सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर शेख हसीना ने एक संदेश जारी किया है। उन्होंने 1971 की उस खौफनाक रात को याद किया। उन्होंने कहा, 25 मार्च 1971 की रात बांग्लादेशी लोगों के जीवन की सबसे भयावह रात थी। इसी रात पाकिस्तानी सेना ने 'ऑपरेशन सर्चलाइट' शुरू किया था। इस ऑपरेशन का मकसद बंगाली समुदाय का नामोनिशान मिटाना था।

हसीना ने कहा कि महज 9 महीनों के भीतर 30 लाख से ज्यादा लोगों को मौत के घाट उतार दिया गया। उन्होंने कहा कि यह बर्बरता इतनी चरम पर थी कि बंगाली इतिहास में इसके लिए कोई शब्द तक नहीं था। इसीलिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसे नरसंहार का नाम दिया गया।

**न्याय की प्रक्रिया पर लगा ब्रेक**

इतना ही नहीं, बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने मोहम्मद यूनुस को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद अपराधियों को सजा दिलाने का काम किया था।

हसीना ने कहा, ‘यूनुस सरकार के कार्यकाल में न केवल ट्रायल को रोक दिया गया है, बल्कि सजायाफ्ता युद्ध अपराधियों को रिहा किया गया। हद तो तब हो गई जब मौत की सजा पाए एक युद्ध अपराधी को संसद का सदस्य तक बना दिया गया। यह उन लाखों शहीदों के बलिदान का अपमान है।

**इतिहास को बदलने की कोशिश**

पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश में एक चलन शुरू हो गया है। अब शहीदों की यादों को मिटाने और इतिहास को तोड़ने-मरोड़ने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी विचारधारा को फिर से बांग्लादेश में थोपा जा रहा है। यह मुक्ति संग्राम की भावना पर सीधा हमला है। हसीना ने देश की जनता से अपील की है। उन्होंने कहा कि सभी लोग एकजुट हों और उन ताकतों का विरोध करें जो हत्यारों का पुनर्वास कर रही हैं। हसीना के इस बयान ने बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति में एक नई बहस छेड़ दी है, खासकर ऐसे समय में जब देश अपनी आजादी के इतिहास को सहेजने और भविष्य की दिशा तय करने के बीच खड़ा है।

## ईरान के साथ शांति वार्ता पर असमंजस, यूएन में बोले इस्राइली राजदूत- कोई बातचीत नहीं, ऑपरेशन जारी

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका और ईरान की शांति वार्ता को लेकर असमंजस जारी है। अब संयुक्त राष्ट्र में इस्राइल के राजदूत डैनी डैनन ने भी ईरान के साथ संभावित शांति वार्ता में किसी भी भागीदारी से इनकार किया है। संयुक्त राष्ट्र में मीडिया से बातचीत करते हुए डैनन ने कहा, 'मुझे किसी भी बातचीत में हमारी भागीदारी की जानकारी नहीं है। हम अपना ऑपरेशन जारी रखे हुए हैं।' उन्होंने साफ किया कि इस्राइल और अमेरिका मिलकर ईरान के सैन्य ठिकानों को निशाना बना रहे हैं और यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

**इस्राइली राजदूत बोले- ईरान को फिर से संभलने का मौका नहीं देंगे:** डैनन ने कहा कि किसी भी सैन्य अभियान के बाद कूटनीति जरूरी होती है, लेकिन इस्राइल यह सुनिश्चित करेगा कि ईरान न तो परमाणु क्षमता हासिल कर सके और न ही बैलिस्टिक मिसाइल क्षमता विकसित कर पाए। मुझे लगता है कि हमने बहुत कुछ हासिल कर लिया है, लेकिन ईरान इसे मानने को तैयार नहीं है। हमने ईरानी शासन को कमजोर कर दिया है, लेकिन हम ये सुनिश्चित करेंगे कि ऐसे हालात न बनने पाएं कि ईरान को फिर से मजबूत होने का मौका मिले। इस्राइली राजदूत ने दावा किया कि इस्राइल क्षेत्र में शांति और स्थिरता का पक्षधर है, जबकि ईरान का रुख इसके विपरीत है। डैनन ने आरोप लगाया कि ईरान क्षेत्र में अस्थिरता फैलाने के लिए जिम्मेदार है।



**ईरान और अमेरिका की शांति वार्ता पर असमंजस की स्थिति बरकरार है। अमेरिकी राष्ट्रपति दावा कर रहे हैं कि ईरान के साथ बातचीत जारी है**

इस्राइली राजनयिक ने कहा कि हर देश को अपने आप से पूछना चाहिए कि कौन शांति ला रहा है और कौन अराजकता? इस्राइल क्षेत्र में स्थिरता लाने की कोशिश कर रहा है और ईरान इसका उल्टा कर रहा है। ईरान ने एक महीने में 13 देशों पर हमले किए हैं। इस्राइल ने अपने 77 साल के इतिहास में कभी भी 13 देशों से लड़ाई नहीं की। इससे समझ सकते हैं कि ईरान अस्थिरता के लिए जिम्मेदार है। इससे पहले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में संबोधन के दौरान भी डैनन ने ईरान पर हमास जैसे संगठनों को समर्थन देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि 'इस्राइल और उसके अमेरिकी सहयोगियों ने 8,500 से ज्यादा हमले कर ईरान के मिसाइल लॉन्चर, हथियार उत्पादन केंद्र और कमांड ढांचे को निशाना बनाया है। अब ईरान अंतरराष्ट्रीय समुदाय को ब्लैकमेल करने की कोशिश कर रहा है, लेकिन इसे सफल नहीं होने दिया जाएगा।'

वहीं, डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिया है कि ईरान के साथ बातचीत जारी है और युद्ध खत्म होने की दिशा में बढ़ रहा है। ट्रंप ने दावा किया कि ईरान की सैन्य क्षमता काफी हद तक खत्म हो चुकी है और अमेरिका इस युद्ध को समाप्त करने के करीब है। हालांकि, ईरान की ओर से अब तक किसी औपचारिक वार्ता की पुष्टि नहीं की गई है।

गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY

# 28 मार्च को जेवर एयरपोर्ट का ऐतिहासिक उद्घाटन

## विधायक संजीव शर्मा ने कार्यकर्ताओं से की भागीदारी की अपील







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जेवर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के उद्घाटन को लेकर शहर मंडल एवं गांधीनगर मंडल में आयोजित बैठक में शहर विधायक संजीव शर्मा ने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचने का आह्वान किया। बैठक में सांसद अतुल गर्ग, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, महानगर महामंत्री प्रदीप चौहान एवं मंडल अध्यक्ष महिम गुप्ता की उपस्थिति रही।

विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि जेवर एयरपोर्ट पश्चिम उत्तर प्रदेश के लिए एक ऐतिहासिक परियोजना है, जिससे निवेश, रोजगार और कनेक्टिविटी को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद समेत आसपास के जिलों को इसका सीधा लाभ मिलेगा और यह परियोजना विकास का नया अध्याय लिखेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे आमजन को जागरूक कर अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करें, ताकि कार्यक्रम को भव्य बनाया जा सके। 28 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एयरपोर्ट का उद्घाटन किया जाएगा, जो प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

## शेयर मार्केट में मुनाफे का झांसा, 3.26 करोड़ की ठगी का आरोपी गिरफ्तार



नोएडा (करंट क्राइम)। थाना साइबर क्राइम पुलिस ने शेयर मार्केट में इन्वेस्ट कर मोटा लाभ कमाने का झांसा देकर 3.26 करोड़ रुपए की ठगी करने के मामले में आज एक आरोपी को एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज शिकायतों में प्रयुक्त संदिग्ध मोबाइल नंबरों की तकनीकी जांच व लोकल इंटेलीजेंस की सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया है। इसके पास से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त दो मोबाइल फोन बरामद किया है। इस ठगी के मामले में पुलिस पूर्व में 14 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। एडीसीपी साइबर क्राइम शैव्या गोयल ने बताया कि थाना साइबर क्राइम कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस द्वारा साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे बुधवार को बंटी कुमार पुत्र कमलदेव पोद्दार उम्र 32 वर्ष मूल निवासी जनपद पूर्णिया बिहार को गिरफ्तार किया है।

# विभू बंसल ने पिलखुवा में 10 सड़कों का किया लोकार्पण, विकास कार्यों को दी रफ्तार





**पिलखुवा, करंट क्राइम।** नगर पालिका अध्यक्ष विभू बंसल ने नगर के विभिन्न वार्डों में 10 सड़कों का लोकार्पण कर विकास कार्यों को नई गति दी। यह लोकार्पण वार्ड नंबर 9, 2, 8, 10 और 11 में किया गया, जिससे स्थानीय नागरिकों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान विभू बंसल का क्षेत्रीय लोगों ने जोरदार स्वागत किया और उनके समर्थन में नारे लगाए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पिलखुवा की जनता ने उन्हें सेवा का जो अवसर दिया है, उसे वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य नगर के हर वार्ड तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना है, ताकि आम जनता का जीवन आसान और सुगम बन सके। कार्यक्रम में वार्डों के सभासद और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने इन विकास कार्यों को नगर के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** यूं तो सब तलाशते हैं कौन है पुराना और कौन है नया भाजपाई, इस बात में तर्क? मगर जब भी हम देखते हैं पूर्व अध्यक्ष विजय मोहन को तो होता है हमको गर्व? भले ही पार्टी ने कोई बड़ी जिम्मेदारी नहीं दी हो उनके हाथ? मगर पार्टी के कार्यक्रमों में उनकी निरंतरता कमाल की है साहब? वो अधिकतर बैठकों में रहते हैं मौजूद? कहने वाले ने कहा ये चेहरा अपने आप में है एक मिसाल? पार्टी को जरूर रखना चाहिए जिम्मेदारियों में ऐसे कर्मठों को ख्याल?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम देख रहे हैं कि जहां कई भगवा पदाधिकारी बसों की संख्या को देखकर घबरा रहे हैं? वहीं कुछ दूसरे भी नजारे हमको नजर आ रहे हैं? शहर वाले मंडल में जब हमने लगाया ध्यान? तब यहां पर जेवर वाली रैली के लिए तैयार किया हुआ था भगवा कमिश्नर ने 23 बसें ले जाने का प्लान? सुना है संगठन वालों ने खड़े कर दिये इतनी बड़ी डिमांड पर हाथ? सुना है फिर 18 बसों पर ही बनी अंत में जाकर बात?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** शांत हो गई है भगवा पार्षद उपाध्याय जी के होर्डिंग पर होर्डिंग लगाने वाली कहानी? सुना है मामला इतना गंभीर हो गया था कि जुबानी सुलझ नहीं रही थी सारी कहानी? मामला पहुंच गया था खाकी वालों के पास? कैसे मामला ठीक हो, चल रहे थे इस पर प्रयास? सुना है भाजपा नेता पवन मावी की एन्ट्री लेते ही दोनों तरफ से शांत हो गया विवाद का शोर? आखिर हल्दी घाटी की मिट्टी वाले बीच में आये तो कौन कर सकता है उनकी बात को इग्नोर?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं बता रहा हूं आपको बहुत ही अंदर की बात? जब पूछने वाले ने पूछा वर्तमान के एक महामंत्री से कि कितनी बसें लेकर जायेंगे आप? तब सामने से ऐसा जवाब आया कि सवाल करने वाले को लगा वो देख रहा हो ख्वाब? उसे लग रहा था पद मिलने की खुशी में महानमंत्री जी कम से कम संख्या बतायेंगे दस? मगर महानमंत्री ने तो कह दिया अपनी तरफ से बस? कहा मेरे खाते में एक भी बस मत चढ़ाना? मैं यहां पर किसी और की शक्ति को चाहता हूं लगाना?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमें लगता है डांसिंग जैक भगवा झा ने फिर से नॉर्मल कर लिये हैं अपने दिल के जज्बात? हमने देखा उन्होंने फेसबुक पर लिखा था "रिस्टार्ट"? कहने वाले ने कहा वैसे हमें पता है इस शब्द का अर्थ? इसलिए इसका अर्थ तलाशने में हम नहीं करेंगे समय व्यर्थ? हम तो "रिस्टार्ट" से यही अंदाजा लगायेंगे साहब? पहले भी उन्होंने मंडल से राजनीति की शुरूआत की थी? लगता है फिर से वो मंडल से ही करेंगे अपनी राजनीति को "रिस्टार्ट"?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** इसमें कोई शक नहीं कि चौपड़ा जी का संगठन में जलवा हो गया है जलाल? कहने वाले कह रहे हैं कि देखना अब ये है अब वो अपने प्रिय युवा क्रान्तिकारी त्यागी का इतना रखेंगे ख्याल? क्या बड़े दिल वाले विधायक को लेकर साथ? क्या वो बना पायेंगे युवा फ्रंट में अपने प्रिय त्यागी की बात? कहने वाले ने कहा कि ताकत तो लगानी होगी मिस्टर चौपड़ा को पूरी शिद्दत से? कहीं ये चेहरा भी ना हो जाये गागर में सागर भरने वालों की तरह नाराज?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** सुना है कांत जी का मन अनदेखी को लेकर अभी हुआ है शांत? ऐसा हम नहीं कह रहे हो रही है इस बात की हर जगह चर्चा? कहने वाले ने कहा जब उनसे किसी ने पूछा कि आप मीटिंग में नहीं आये? तो उन्होंने कहा मैं इस वक्त हूं मैट्रों में सवार? कहने वाले ने कहा जब सामने वाले को पता चली उनकी थी गाजियाबाद में लोकेशन? तब खुलासा होने पर उन्होंने कहा जब वो ही मेरा ध्यान नहीं रख रहे? तो मैं क्यों जोर लगाऊं यार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** उन्होंने बस के लिए मिलाया पांचाल जी को फोन? उन्हें भी लगा कि वहां से भी सुनाई देगी कोई निरसता वाली टोन? उन्होंने मीटिंग में नहीं आने की बताई किसी और मीटिंग में होने की वजह? मगर बस भरने के मामले में दिखाई उन्होंने पूरी वफा? कहा आप एक बस कर दें मेरे नाम? मैं पूरी शिद्दत से उसको भर कर ले जाऊंगा? मुझे अच्छा लगता है करना पार्टी के काम?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** गोल्डन वाले बैंकेट हॉल में चल रही थी रैली की तैयारियों की मीटिंग? यहां पर महानगर के एक गुर्जर पदाधिकारी की भी थी सिटिंग? सुना है दूसरे छोर पर पहलवान भी कर रहे थे रैली की तैयारियों पर भूमिका तैयार? हमने देखा गोल्डन वाली मीटिंग से तुरंत ये गुर्जर पदाधिकारी पहलवान की मीटिंग में पहुंच गये? देखते ही बन रहा था दोनों का प्यार? देखना अब ये है कि भीड़ वाले मैटर में ये किस जगह से दिखायेंगे अपना मजबूत वाला किरदार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम तो पूछना चाहते हैं आपसे एक बात? जो पद नहीं मिलने की वजह से रूठे हैं? वो क्या अब पार्टी के कार्यक्रमों में नहीं दिखायेंगे कोई सहयोग? कहने वाले ने कहा क्या मोहब्बत सिर्फ पद को लेकर थी? इसके अलावा नहीं था कोई योग? वो बोले जो सच्चा कार्यकर्ता होता है वो कर लेता है विष का पान? भले ही उसको पद ना मिले? मगर वो करता रहता है पार्टी के लिए काम?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# संतोष हॉस्पिटल ने पुष्प वर्षा कर किया महिला पुलिस की 'वीर टुकड़ी' का सम्मान







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाज में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और कानून का राज स्थापित करने में महिला पुलिसकर्मियों के अमूल्य योगदान को सराहने के लिए संतोष हॉस्पिटल, गाजियाबाद द्वारा एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान महिला पुलिस की वीर और अनुशासित टुकड़ी का भव्य स्वागत कर उनके साहस और कर्तव्यपरायणता को नमन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत में संतोष हॉस्पिटल की टीम ने महिला पुलिस बल के जवानों पर पुष्प वर्षा की। अस्पताल प्रबंधन ने कहा कि ये महिला पुलिसकर्मी विपरीत परिस्थितियों में भी जिस दृढ़ता और निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करती हैं, वह समाज के लिए अद्वितीय उदाहरण है। उनकी उपस्थिति ही समाज में सुरक्षा और विश्वास का वातावरण पैदा करती है। इस गरिमामयी अवसर पर प्रशासन और अस्पताल प्रबंधन की ओर से कई प्रमुख हस्तियां उपस्थित रहीं। कुलदीप दीक्षित, थाना प्रभारी, अंजलि, सब इंस्पेक्टर, डॉ. श्वेता चौधरी, जीएम मार्केटिंग (संतोष हॉस्पिटल), विष्णु, प्रतिनिधि (संतोष हॉस्पिटल)। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि नारी शक्ति ही राष्ट्र की असली ताकत है। संतोष हॉस्पिटल सदैव सामाजिक सरोकारों और जनहित के कार्यों में अग्रणी रहा है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस सम्मान समारोह के माध्यम से न केवल पुलिस बल का उत्साहवर्धन किया गया, बल्कि जनमानस को भी उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए प्रेरित किया गया। अस्पताल प्रबंधन और उपस्थित नागरिकों ने महिला पुलिस की इस टुकड़ी को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का समापन इस विश्वास के साथ हुआ कि हमारी नारी शक्ति इसी प्रकार समाज सेवा और सुरक्षा के क्षेत्र में निरंतर नए कीर्तिमान स्थापित करती रहेगी।

# 13 वर्षों से अचेतन अवस्था में रहे हरीश राणा का निधन

## ब्रह्माकुमारीज ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एक दुःखद घटना में, हरीश राणा, जो लगभग 13 वर्षों से एक दुर्घटना के बाद अचेतन अवस्था में बिस्तर पर थे, ने मंगलवार अपना शरीर त्याग दिया। सुप्रीम कोर्ट के 'निष्क्रिय इच्छा मृत्यु' संबंधी निर्णय के पश्चात उन्हें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की पैलिएटिव केयर यूनिट में भर्ती कराया गया था, जहां उनका उपचार एवं देखभाल जारी था। पिता अशोक राणा ने बताया कि मृत्यु के बाद हरीश के पांच अंगों का दान मानवता की सेवा के लिए किया गया।

ग्रीन पार्क श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया, छोटे भाई आशीष राना ने मुखाग्नि दी। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज संस्थान के सदस्यों ने उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना एवं श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि देने हेतु बी के लवली, बी के रूपा, बी के दीपांशी, गाजियाबाद से भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद बी के राजेंद्र त्यागी, ऋषि राज त्यागी, विजय भाई, रमेश भाई, गणेश भाई, ओम प्रकाश भाई, सरोज बहन, अंजू बहन एवं अन्य ब्रह्माकुमारी एवं ब्रह्माकुमार उपस्थित रहे।

ब्रह्माकुमारीज परिवार ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार को इस कठिन समय में धैर्य एवं शक्ति प्रदान करने की कामना की। हरीश राणा के पिता अशोक राणा लगभग 18 वर्षों से ब्रह्माकुमारीज से जुड़े हैं। ज्ञात हो कि कुछ दिनों से विशेष हरीश राणा निमित्त ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्रों में योग साधना की जा रही थी।

# 8वें वेतन आयोग में अनदेखी से नाराज विद्युत पेंशनर्स ने किया प्रदर्शन, वित्त मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 8वें वेतन आयोग की घोषणा के साथ ही पूर्व पेंशनरों के हितों की अनदेखी को लेकर विद्युत पेंशनर्स में गहरा असंतोष व्याप्त है। बुधवार को 'विद्युत पेंशनर्स परिषद' उत्तर प्रदेश (जनपद शाखा : गाजियाबाद) ने केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। पेंशनरों ने सरकार के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए पेंशन संबंधी स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की। परिषद के सदस्यों ने भारी संख्या में एकत्रित होकर जिला मुख्यालय का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि सरकार ने 8वें वेतन आयोग की घोषणा तो कर दी है, लेकिन इसमें पुराने पेंशनरों के हितों के संरक्षण के लिए अब तक कोई ठोस नीति या दिशा-निर्देश स्पष्ट नहीं किए हैं। इससे भविष्य में उनके वित्तीय लाभों को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।

एसडीएम को सौंपा मांग पत्र : प्रदर्शन के उपरांत, परिषद के पदाधिकारियों ने केंद्रीय वित्त मंत्री को संबोधित एक मांग पत्र नगर उप-जिलाधिकारी (एसडीएम) डॉ. संतोष उपाध्याय को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से पेंशनर्स ने मांग की है कि वेतन आयोग के कार्यान्वयन के दौरान पेंशनर्स के व्यापक हितों को किसी भी प्रकार की हानि न पहुंचे। सरकार पेंशन वृद्धि और अन्य लाभों को लेकर अपने स्तर से स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करे। परिषद के जिला सचिव एल. डी. शर्मा ने कहा, हम सरकार से यह अपेक्षा करते हैं कि वह हमारे हितों का ध्यान रखे। यदि हमारी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## मुलाकात



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा जिला उपाध्यक्ष डीडी यादव ने भाजपा के प्रदेश महामंत्री रामप्रताप सिंह चौहान से उनके आगरा स्थित आवास पर मुलाकात की। मुलाकात के इस अवसर पर डीडी यादव ने प्रदेश महामंत्री रामप्रताप सिंह चौहान को प्रभु श्री राम दरबार भेंट किया और उनका आशीर्वाद भी प्राप्त किया।

## पूजा अर्चना



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चैत्र नवरात्र के अवसर पर पूर्व विधायक सुरेन्द्र कुमार मुन्नी डासना स्थित देवी मंदिर पहुंचे और पूजा अर्चना की। इस अवसर पर पूर्व विधायक सुरेन्द्र कुमार मुन्नी ने कहा कि चैत्र नवरात्र की सभी क्षेत्रवासियों को शुभकामनायें हैं और मेरी प्रार्थना है कि माता रानी सभी के जीवन में मंगलमय करे।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

# ऑपरेशन प्रहार के तहत एबीइएस कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद पुलिस द्वारा नशा-मुक्त व अवैध हथियार मुक्त शहर बनाने के अभियान ऑपरेशन प्रहार के अंतर्गत अइएर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एसीपी वेवसिटी प्रियाश्री पाल व थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस टीम ने किया। कार्यक्रम में 500 से अधिक छात्रों ने भाग लिया।

मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस आयुक्त रामकरन नैय्यर व पुलिस उपायुक्त नगर धवल जायसवाल ने छात्रों को नशे के दुष्परिणाम बताते हुए इससे दूर रहने की अपील की। प्रश्नोत्तर सत्र के साथ नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा व अवैध हथियारों के खतरों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया, जिसे छात्रों ने सराहा।

# वैशाली में गैस लीकेज से लगी भीषण आग एक ही परिवार के 5 लोग झुलसे





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** वैशाली सेक्टर-5 स्थित राघव कुंज कॉलोनी में गैस सिलेंडर लीकेज के चलते बुधवार को भीषण आग लग गई। इस दर्दनाक हादसे में एक ही परिवार के पांच लोग झुलस गए। घायलों में दो महिलाएं और तीन मासूम बच्चे शामिल हैं, जिन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार, प्लॉट नंबर-390, ब्रह्मपुत्र लेन स्थित मकान के ग्राउंड फ्लोर पर किराएदारों के कमरे में एलपीजी गैस का रिसाव हो रहा था। गैस पूरे कमरे में फैल चुकी थी। इसी दौरान जैसे ही माचिस जलाई गई, अचानक आग का बड़ा गुबार बन गया और देखते ही देखते पूरा कमरा आग की चपेट में आ गया। हादसे में मगनू चौपाल (55), मंजू देवी (50), माही (8), अन्नु और अनुराग (4-5 वर्ष) झुलस गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत एंबुलेंस बुलाकर सभी को अस्पताल पहुंचाया। सीएफओ राहुल पाल ने बताया है कि सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दमकल कर्मियों की तत्परता से आग को आसपास के मकानों में फैलने से रोक लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने भी स्थिति को नियंत्रित किया और मामले की जांच शुरू कर दी है। शुरूआती जांच में गैस लीकेज को हादसे की मुख्य वजह माना जा रहा है। यह घटना एक बार फिर सावधानी बरतने की जरूरत को रेखांकित करती है, क्योंकि गैस लीकेज जैसी छोटी लापरवाही भी जानलेवा साबित हो सकती है।